### नये वर्ष में बढ़ेगी सिंचाई क्षमता, जल संसाधन विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया काम

# झारखंड की 14 परियोजनाओं पर खर्च होंगे 1100 करोड़ रुपये


अमित सिंह। रांची

झारखंड के किसानों के लिए नया वर्ष राहत देने जा रहा है. सरकार ने सिंचाई के लिए खेतों तक ज्यादा से जयादा पानी पहुंचाने वाली परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है. इसके लिए जल संसाधन विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तहत काम कर रह है. गत वर्ष जांच आदि की वजह से करोड़ों का टेंडर विभाग द्वारा रद्द कर दिया गया था. अब उनपर फिर से काम शुरू कर दिया गया है. टेंडर प्रक्रिया के तहत एजेंसियों का चयन किया जा रहा है. सिंचाई क्षमता बढेगी. जल संसाधन विभाग छोटी-बड़ी 14 परियोजनाओं पर 1100 करोड़ रुपए खर्च करेगा. इससे योजनाओं में लंबित सिविल वर्क, नहरों की लाइनिंग, अर्थ वर्क और ईआरएम सहित काम होंगे. अजय बराज, गुमानी बराज, बुढई सिंचाई परियोजना, बुंडू सिंचाई परियोजना, बरांडा सिंचाई परियोजना समेत कुल 14 योजनाओं का चयन हुआ है. लंबित कार्य पायलट प्रोजेक्ट के तहत गर्मी से पहले पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

**खास बातें**

- झारखंड के किसानों को नए साल में मिलेगी राहत
- सिंचाई के लिए बनायी गयी है पाइपलाइन योजना

#### 12.25 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की व्यवस्था



झारखंड में 80 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है. खराब मौसम, सूखा आदि की वजह से किसानों की कमर टूट गई है. सिंचाई क्षमता कम होने की वजह से किसान चाह कर भी खेती नहीं कर पाते हैं. ऐसे में जल संसाधन विभाग खेतों तक ज्यादा से ज्यादा पानी पहुंचाने वाली परियोजनाओं को पूरा करने में जुट गया है. झारखंड सिंचाई आयोग के अनुसार प्रदेश में 36 लाख हेक्टेयर भूमि कृषि के लिए उपयुक्त है. इसका 12.25 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की व्यवस्था संभव है. इसमें 17 प्रतिशत भाग पर नहरों द्वारा सिंचाई की जाती है. संथाल परगना व सिंहभूम में 10 हजार हेक्टेयर भूमि, पलामू में 9 हजार हेक्टयर भूमि में नहरों द्वारा सिंचाई की जाती है.

#### पाइपलाइन योजना पर फोकस



प्रदेश में 886 मध्यम सिंचाई परियोजना लागू की गई हैं. इसके माध्यम से 30 हजार हेक्टेयर से भी अधिक भूमि में सिंचाई क्षमता विकसित की गई है. वर्तमान में 602 परियोजनाएं कार्यरत हैं. वहीं लघु सिंचाई परियोजनाओं से 2000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था विकसित करने का काम किया जा रहा है. वर्तमान में जल संसाधन विभाग द्वारा प्रदेश में नहर सिंचाई परियोजना ही पाइपलाइन परियोजना के तहत क्रियान्वित की जा रही है. जिससे ज्यादा से ज्यादा खेतों तक पानी पहुंचाया जा सके.

# रोजगार का सब्जबाग दिखाकर युवाओं को धोखे में रखा है : धर्मेंद्र

प्रमुख संवाददाता। रांची

**खास बातें**

- भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हैं धर्मेंद्र तिवारी
- झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की भी आलोचना की

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि हेमंत सरकार ने रोजगार देने का सब्जबाग दिखाकर राज्य के बेरोजगारों को धोखे में रखा है. कहा कि सरकार के आदेश से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने जो वैकेंसी निकाली है, उसमें ना तो 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति का उल्लेख है, ना ही स्थानीय नीति का जिक्र है. सरकार ने 'ओपन फॉर ऑल' के तर्ज पर विज्ञापन निकाला है. इसके तहत किसी भी राज्य के प्रतिभागी परीक्षा में भाग लेंगे और अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी को पाएंगे. झारखंड से मैट्रिक, इंटर और स्नातक पास युवाओं के लिए सरकार ने सीटें आरक्षित नहीं की है. यह सरासर झारखंडी भाई-बहनों युवाओं के साथ हेमंत सरकार द्वारा किया गया छल है. इस मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के नेताओं के मुंह बंद हैं. आदिवासियों की हक की बात करने वाले तथाकथित आदिवासी हितैषी भी सड़क से लेकर विधानसभा तक में चुप्पी साधे हुए हैं और जनता को दिग्भ्रमित कर अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं. तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार के सभी विभागों में लाखों की तदाद में रिक्तियां हैं. संविदा पर लाखों लोग काम कर रहे हैं, शिक्षकों की बहाली भी लटकी हुई है. चारों ओर बदहाली का माहौल है. युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं. अपना घर-परिवार छोड़कर दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं, उनके लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है. इस मामले में सरकार सोई हुई मालूम पड़ती है.

उन्होंने कहा कि जिस वादे के आधार पर हेमंत सोरेन ने सत्ता हासिल की है उसी पर अडिग रहकर जनता की अपेक्षाओं पर वह खरा उतरे. सरकार आगामी बजट सत्र में विधेयक लाकर खतियानधारी झारखंडी युवाओं के हित में सभी स्तरों की सरकारी नियुक्तियों में आरक्षण की व्यवस्था करे.

### प्रदेश कांग्रेस ने कहा : सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित होगी यात्रा

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो और टैगलाइन जारी




प्रमुख संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई. ये यात्रा देश के बुनियादी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित होगी. प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने ईडी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा, जब-जब हमारी सरकार जनता से जुड़ने की कोशिश करती है, मोदी सरकार अपनी एजेंसी का इस्तेमाल कर राज्य सरकार को परेशान करती है. राज्य में कांग्रेस, राजद और जेएमएम गठबंधन की बहुमत सरकार है. सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी. राज्य में संवैधानिक संकट नहीं होने वाला है. राहुल गांधी की प्रस्तावित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लेकर कहा कि जहां पीएम नरेंद्र मोदी मणिपुर जैसे संवेदनशील राज्य में न जाकर वहां की जनता से दूर हो रहे हैं. वहीं राहुल गांधी मणिपुर से यात्रा शुरू कर रहे हैं, ताकि वहां के लोगों के दुख बांट सके. यात्रा में 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' यानी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं और नागरिक समाज के सदस्यों को भी मार्च में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे.

राजेश ठाकुर ने कहा कि पीएम भी मणिपुर जैसे संवेदनशील मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ने का काम करें. राहुल गांधी की यात्राओं से बीजेपी की आईटी सेल घबरा चुकी है. आज देश में लोकतंत्र की क्या हालत है, यह किसी से छिपा नहीं है. लोकतंत्र की परिभाषा बदली जा रही है. जिसकी वजह से राहुल गांधी ने इस यात्रा को निकालने का काम किया है. उन्होंने पीएम पर तंज कसते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री फोटो शूट में लगे हुए हैं. जब हम संसद में देश के हालात पर बात रखते हैं तो हमारे सांसदों को बाहर कर दिया जाता है. इस यात्रा में इंडिया गठबंधन के सभी दलों की अहम भूमिका होगी.

**खास बातें**

- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन
- केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा

#### बुनियादी मुद्दों पर यात्रा निकाल रहे : आलम

कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम ने कहा कि 14 जनवरी से शुरू होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत हो रही है. यह यात्रा झारखंड में दो बार गुजरेगी. राज्य के लोग इस यात्रा में शामिल होने के लिए व्याकुल हैं. यह यात्रा 2024 के लिए निर्णायक होगी, इस यात्रा में सामाजिक न्याय की बात होगी. किसानों को अब तक दोहरा लाभ नहीं मिला, अभी तक लोगों के सर के ऊपर छत नहीं है. पार्टी एक सोच के साथ काम करती है. हमें पूर्वजों ने लोकतंत्र दिया है,

#### 2 से 5 फरवरी के बीच झारखंड पहुंचेगी यात्रा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत मणिपुर से 14 जनवरी को होगी. यात्रा झारखंड में 2 से 5 फरवरी तक पहुंचने की संभावना है. राज्य में हर चार से पांच किलोमीटर पर मंत्री और विधायकों को यात्रा की जिम्मेदारी सौंपी गई है. झारखंड में यह यात्रा दो बार होकर गुजरेगी. न्याय यात्रा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो और टैगलाइन भी लॉन्च किया गया.

#### प. बंगाल से झारखंड में प्रवेश करेगी यात्रा

बता दें कि राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से महाराष्ट्र तक की यात्रा 14 जनवरी से शुरू होगी और यह 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी. झारखंड में यह यात्रा पश्चिम बंगाल से प्रवेश करेगी. इसमें शामिल लोग बसों से और पैदल यात्रा भी करेंगे. 2024 के आम चुनाव से पहले आयोजित की जा रही यात्रा 66 दिनों में 110 जिलों, 100 लोकसभा क्षेत्रों और 337 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी. जिसकी शुरुआत मणिपुर की राजधानी इंफाल से होगी. इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के संगठन प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता रियाज अंसारी उपस्थित थे.

# सीयूजे के डॉ. उपेंद्र सेमिनार के लिए जाएंगे श्रीलंका

- डॉ. उपेंद्र कुमार सीयूजे के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक है

संवाददाता। रांची

सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के सहायक प्राध्यापक डॉ. उपेंद्र कुमार अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में हिस्सा लेने श्रीलंका जाएंगे. डॉ. उपेंद्र कुमार सीयूजे के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक है. 10 और 11 जनवरी को विवेकानंद कल्चरल सेंटर भारतीय उच्चायोग, श्रीलंका द्वार दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है. इस सेमिनार का विषय सत्यार्थी रखा गया है. डॉ. उपेंद्र को पिछले वर्ष भी श्रीलंका में भाषाई विविधता और उसका महत्व और भारतीय समाज, संस्कृति और प्रेमचंद विषय पर शोध प्रस्तुत करेंगे. इस संबंध में उन्होंने बताया कि श्रीलंका समेत दूसरे दक्षिण एशियाई देशों में भी हिंदी सीखने का उत्साह देखा जा रहा है.

इस तरह हिंदी का विस्तार बहुत तेजी से बढ़ रहा है. श्रीलंका के सात विश्वविद्यालय और सात सौ विद्यालय में हिंदी सिखाने का काम चल रहा है, जिसमें आईसीसीआर भारतीय उच्चायोग, कोलंबो की भूमिका है. यहां हिंदी के प्रति रुचि का मुख्य कारण दोनों देशों के बीच ढाई सौ साल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और भाषाई संबंधों की साझी विरासत हैं.

# 27 स्कूली बच्चों का दल गोवा रवाना

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड के सरकारी स्कूलों के चयनित 27 स्कूली बच्चों का दल रविवार को गोवा के लिए रवाना हुआ. यह बच्चे गोवा के स्कूली बच्चों से मिलेंगे. उनसे बातचीत करेंगे और एक दूसरे के राज्य की सांस्कृतिक और भाषाई विविधता की जानकारी प्राप्त करेंगे. केंद्र सरकार द्वारा आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत इन बच्चों का चयन किया गया है.राज्य के सभी जिलों के सरकारी स्कूलों में पिछले साल आयोजित हुए भारतीय भाषा उत्सव में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले शीर्ष 25 विद्यालयों का चयन राज्य स्तर पर हुआ है. इन स्कूलों से चयनित 27 बच्चों को स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गोवा राज्य के स्कूली बच्चो के साथ इंटरैक्शन करवाया जाएगा. चयनित बच्चों की टीम समन्वयक अंजलि गांगुली और रेणु जायसवाल के साथ गोवा के लिए रवाना हुई. इस कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी बादल राज बनाये गए हैं.



**इन बच्चों का हुआ चयन**

अंशु मुंडा, संध्या कुमारी, गुड़िया कुमारी, माधवी गुप्ता, कैलाश रजक, बार्बी मजूमदार, मोनी सबर, टुनटुनी सबर, श्रेयश कुमार, मंजली किस्कू, मेरिशा हांसदा, नागी सोय, हीरा सांगा, सिंपी कुमारी, मोहम्मद इस्माइल, रिशु कुमार, रजनीश पासी, मयंक जयसवाल, मुस्कान कुमारी, विद्या कुमारी, वर्षा कुमारी, अनन्या सिन्हा, मुस्कान कुमारी, आर्या कुमारी ओझा, लक्ष्मी कुमारी, अज़ल कुमारी, माही कुमारी.

### हादसे में मृतक के आश्रित को 2 लाख दिया जाएगा

**रांची।** विशिष्ट स्थानीय आपदा से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा. रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी. सिल्ली के आवेदिका सोनी साहु के 46 वर्षिय पति स्व. रमेश कुमार साहु की मृत्यु 19 जून 2022 को सिल्ली में अज्ञात वाहन के धक्के से घटनास्थल पर ही हो गई थी. रमेश साहू के आकस्मिक निधन से परिवार आहत है. सिल्ली अंचल अधिकारी की अनुशंसा के बाद रमेश साहू की पत्नी सोनी साहु को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति दी गई है. रांची एसडीओ की ओर से इससे संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है.

# एनसीटीई ने इंटरमीडिएट शिक्षक के लिए तैयार किया पारामीटर

संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कई बदलाव किए जा रहे है. पाठ्यक्रम से लेकर पढ़ाई के पूरी व्यवस्था बदली जा रहीं है. इसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग संबंधित शैक्षणिक संस्थानों को निर्देश जारी कर रहा है. इसके लिए कई बैठकें भी की जा रही हैं. इसी क्रम में एनसीटीई ने इंटरमीडिएट के लिए नए नियम पर मुहर लगायी है. इंटरमीडिएट शिक्षक के पोस्ट के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन में 50 प्रतिशत अंक का होना जरूरी है. इसका निर्णय नेशनल काउंसिल फोर टीचर फोर एजुकेशन के जनरल बोडी के मीटिंग में लिया गया है. जनरल बोडी के मीटिंग में प्लस टू शिक्षकों के एकेडमिक और प्रोफेशन कोर्स के बारे में सारे नियमों के बारे में भी निर्णय लिया गया. प्लस टू के शिक्षक के लिए पोस्ट बैचलर ऑफ एजुकेशन एनसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थान से होना अनिवार्य है. इंट्रीग्रेटीटेड कोर्स वाले भी शिक्षक के लिए आवेदन कर सकते है.



#### 2023 -25 सेशन के लिए इंटर की पढ़ाई डिग्री कॉलेजों में होगा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत डिग्री कॉलेजों से इंटरमीडिएट की पढ़ाई को हटा दिया गया है. अब इसकी पढ़ाई केवल प्लस टू स्कूलों में ही होगा. झारखंड समेत भारत के अलग अलग राज्यों में इसके लिए व्यवस्था किया जा रहा है. हालांकि झारखंड में 2023 –25 सेशन के लिए इंटरमीडिएट की पढ़ाई डिग्री कॉलेजों में होगा. वहीं इंटरमीडिएट के लिए रिक्तियां भी निकाली जा रहीं है.


CLASSIFIED




































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | सोमवार, 08 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 13 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~X~~ ● वर्ष : 1, अंक : 261 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

### डीजीएमस के 123 वें स्थापना दिवस पर हुए कार्यक्रम में कहा- खदान में होने वाली दुर्घटनाओं में आई कमी

# धनबाद-चंद्रपुरा डीसी रेललाइन पर बरकारार है खतरा : डीजी



संवाददाता। धनबाद

खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) ने रविवार को धनबाद स्थित खान सुरक्षा महानिदेशालय के ऑडिटोरियम में अपना 123वां स्थापना दिवस मनाया. कार्यक्रम में सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार, उनके निदेशक गण सहित तमाम डीजीएमएस के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे .कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कोल इंडिया के चेयरमैन पीएन प्रसाद मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए डीजीएमएस के महानिदेशक ने बताया कि खान सुरक्षा महानिदेशालय के प्रयासों का ही फल है कि खदानों में होने वाली दुर्घटनाओं का दर अब 10वें स्थान से भी नीचे है. उन्होंने कहा कि डीजीएमएस हर साल न सिर्फ हजारों मजदूरों की जान बचाती है बल्कि लाखों टन मिनिरल्स का भी संरक्षण करती है.उन्होंने कहा कि आज देश में खनिज की मांग काफी बढ़ गई है जिस वजह से प्रोडक्शन भी कई गुणा बढ़ गया है. ऐसे में डीजीएमएस का काम भी काफी बढ़ गया है ताकि प्रोडक्शन तो बढ़े लेकिन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए.

इस दौरान उन्होंने धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन पर मंडराते खतरे को एक बार फिर से दोहराया. उन्होंने कहा कि डीसी रेल लाइन पर खतरा है, लेकिन रेलवे, बीसीसीएल, आइएसएम आईआईटी और सिम्फ़र जैसी संस्थाए लगातार इसपर अपनी नजर रखे हुए है और इसका रिपोर्ट भी लगातार डीजीएमएस को भेजा जा रहा है. ताकि समय रहते खतरे को देखते हुए सुरक्षात्मक कदम उठाया जा सके.उन्होंने कहा कि इस दिशा में बीसीसीएल को भी साफ निर्देश दिए गए है कि वो रेल लाइनों की तरफ कोयला उत्खनन का कार्य नही करेगी.

वहीं इस मौके पर मौजूद कोल इंडिया के चेयरमैन पीएन प्रसाद ने कहा कि डीजीएमएस एक महान संस्थान है. करीब 1774 से कोल माइनिंग भारत में हो रहा है.ऐसे में पहले कई दुर्घटनाए हुई. जिसको रोकने के लिए 1902 में डीजीएमएस की स्थापना की गई .जिसके बाद से दुर्घटनाओं में काफी कमियां आई है. विकसित राष्ट्रों के तुलना में अब कोल इंडिया कोयले का उत्पादन ज्यादा और सुरक्षित ढंग से कर रहा है.उन्होंने कहा कि वैसे केंद्र सरकार और डीजीएमएस का लक्ष्य जीरो एक्सीडेंट है जो फिलहाल हम उस लक्ष्य को पूरा तो नही कर पा रहे, लेकिन पहले की अपेक्षा अब कोल इंडिया के सभी अंगों में दुर्घटनाए काफी हद तक कम हो गई है. उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी कोल इंडिया प्रतिबद्ध है.



#### चौंकाने वाला है डीजी का बयान

पिछले दिनों सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और बाघमारा विधायक ढ़ूलू महतो के आग्रह के बाद रेल मंत्रालय ने डीसी लाईन पर पेसेंजर ट्रेन को पुनः चलाने की मंजूरी देते हुए आगामी 10 जनवरी से डीसी लाईन पर पेसेंजर ट्रेन चलाने की घोषणा की है. ऐसे में डीजीएमए डीजी का बयान चौंकाने वाला है.

---

### ▼ ब्रीफ खबरें

#### स्कूल का छज्जा गिरा दो छात्राएं घायल हुईं



**तोपचांची।** प्रखंड के भुइयां चितरो स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय में रविवार को करीब दो बजे दो मंजिला भवन के बारमदे का छज्जा टूट कर गिरने से सातवीं कक्षा की दो छात्रा अमीना तथा सिफत सना गंभीर रूप से घायल हो गईं. घटना के बाद विद्यालय की प्राचार्या दयामुनि सोरेन ने दोनों घायल छात्रा को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया. विद्यालय के टिफिन की छुट्टी के बाद छात्राएं परिसर में खेल रही थीं. तभी दो मंजिला भवन के बरामदे के जर्जर छज्जा टूट कर छात्राओं के ऊपर गिरा. दो बड़ा टुकड़ा दोनों छात्राओं के सिर के ऊपर गिरा और दोनों लहूलुहान हो गईं.

#### एक और अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़



**चांडिल ।** सरायकेला-खरसावां जिला के उत्पाद विभाग ने तीन दिनों में नीमडीह थाना क्षेत्र में चल रहे दो अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. शनिवार देर रात पुड़ियारा में छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब के मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया. इस दौरान मौके से 200 लीटर स्पिरिट, 17.250 लीटर शराब और करीब 200 लीटर शराब बनाने में प्रयुक्त जल बरामद किया गया. अभियान में उत्पाद के साथ पुलिस शामिल थी. शराब फैक्ट्री संचालनकर्ता व संबंधित अन्य कर्मी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. अवैध शराब फैक्ट्री के संचालनकर्ता पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई हो रही है.

---

### धनबाद में हत्या के मामलों में पुलिस की कार्यशैली पर उठते सवाल

# जारी है अनुसंधान...

**शुभम संदेश इन्वेस्टिगेशन**

रिजवान शम्स। धनबाद

अनुसंधान जारी है... कोर्ट में अनुसंधानकर्ताओं की एक ऐसी लाइन जो उन्हें अक्सर कार्रवाई से बचा जाती है. ये अनुसंधान सालों तक खत्म नहीं होता, जांच करने वाले अफसर बदल जाते हैं लेकिन जांच में फंसने वाला इस लाइन की वजह से मुकदमे से न तो बाहर हो पाता है और न ही मुकदमा पूरी तरह लड़ पाता है. धनबाद पुलिस भी इस लाइन का प्रयोग दर्जनों मुकदमों में कर रही है. जो मुकदमे न सिर्फ अतिसंवेदनशील हैं बल्कि बड़े अपराधों में शुमार हैं. धनबाद में घटित बड़ी-बड़ी हत्याओं के मामलों में अनुसंधान जारी है....का टैग लगाकर अपनी लापरवाही छिपाने का प्रयास करने वाले ये चंद मुकदमे तो पुलिस की कार्यशैली की बानगी भर है.

## मौत के बाद भी जारी है अनुसंधान

#### नीरज सिंह हत्याकांड

### मौत के कई साल, जांच जारी

**केस स्टडी 1**



धनबाद की ये वारदात 22 मार्च 2017 को हुई थी. सरेराह वाहन पर सवार पूर्व उपमेयर नीरज सिंह को यूपी से आए शूटरों ने स्टीलगेट के पास गोलियों से छलनी कर दिया था. फॉर्च्यूनर पर सवार तीन अन्य लोगों की भी जान इस वारदात में गई थी. पोस्टमार्टम में नीरज सिंह के शरीर में कुल 67 छेद मिले थे. पूरा कोयलांचल इस वारदात से हिल गया था. मामले में संजीव सिंह, गया सिंह, महंत पांडेय, मनीष उर्फ सिद्धार्थ गौतम को नामजद अभियुक्त बनाया गया. इस मामले में पुलिस जांच के बाद डबलू मिश्रा, संजय सिंह, धनजी सिंह, चंदन कुमार सिंह, कुर्बान अली, शिबू, सागर सिंह, रिंकू सिंह, अमन सिंह, पिंटू सिंह, संतोष सिंह को अभियुक्त बनाया गया. सारे आरोपियों को इकबालिया बयान और अनुसंधान में साक्ष्य के आधार पर आरोपी बनाया गया था और इनके विरुद्ध चार्जशीट दायर की गई. लेकिन कांड के नामजद अभियुक्त महंत पांडेय, मनीष सिंह और गया सिंह के खिलाफ अब तक चार्जशीट दायर नहीं हुई है, छह सालों में कई अनुसंधानकों ने सिर्फ इतना ही लिखा है कि इनके विरुद्ध अनुसंधान जारी है. जबकि हैरान करने वाली बात ये है कि इनमें से गया सिंह की मौत को कई साल हो चुके हैं, लेकिन वह आज भी अुनसंधान के दायरे में हैं.

#### रंजय सिंह हत्याकांड

### पुलिस नहीं ढूंढ़ पाई, लिखा जांच जारी

**केस स्टडी 2**



29 जनवरी 2017 को इस वारदात ने कोयलांचल में खूनी खेल की शुरूआत की थी. विधायक संजीव सिंह के खास माने जाने वाले रंजय को नीलांचल कालोनी के पास गोली मारी गई थी. गोली मारने के बाद बाइक सवार अपराधी फरार हो गए थे. इस वारदात में चश्मदीद राजा यादव के बयान पर मुकदमा दर्ज किया था, मामले में पुलिस ने हर्ष सिंह और मामा उर्फ नंदकिशोर के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी. इस मामले में दो और नाम वारदात से जुड़े थे. पटना निवासी चंदन शर्मा और हरेंद्र सिंह. धनबाद से लेकर पटना तक पुलिस ने इन दोनों को तलाश करने की कोशिश की लेकिन नाकामी हाथ लगी, लगभग छह साल गुजर चुके हैं लेकिन आज तक पुलिस फाइल में इन दोनों के खिलाफ अनुसंधान जारी है... का टैग लगा है.

#### कोयला कारोबारी शहबाज सिद्दीकी हत्याकांड

### 5 में एक पर चार्जशीट, 4 पर जांच जारी

**केस स्टडी 3**



शाहबाज सिद्दीकी कोयला कारोबारी, जिसने कोयले में कमाई की आस में लाखों रुपए की पूंजी लगाई और हत्या जैसे दर्दनाक अंत से पूरे परिवार को हमेशा के लिए सदमा दे गया. 12 दिसंबर 2022 को शहबाज अपने पिता को बता कर घर से निकला सा कि आज वो अपनी पूंजी वापस लाने के लिए अपने दोस्त पप्पू मंडल के पास जा रहे है, लेकिन उसकी लाश आई. पिता ने पप्पू मंडल समेत कई पर मुकदमा दर्ज कराया. पुलिस जांच की कहानी ये रही कि दुर्घटनावश स्कॉर्पियो की सीट कवर में रखे पिस्टल से गोली चली थी, पिस्टल रखने वाले यादव पर चार्जशीट हुई, जबकि मुख्य आरोपी पप्पू मंडल, सतीश, आकाश और विक्की पर अनुसंधान जारी है.

#### जमीन कारोबारी नन्हे हत्याकांड

### दो दर्जन पर चार्जशीट, प्रिंस व गोपी पर जांच जारी

**केस स्टडी 4**



जमीन कारोबारी नन्हे खान की हत्या भी इस कड़ी को आगे बढ़ा रही है, हत्या के इस मुकदमे में करीब चार दर्जन नामजद आरोपी हैं. 29 नवंबर 2021 को नन्हे खान को वासेपुर में गोली मारी गई थी. नन्हें खान गैंग्स ऑफ वासेपुर के सरगना फहीम खान के बेटे इकबाल खान का करीबी था, जिसे बाइक सवार शूटरों ने मौत के घाट उतार दिया था, इस वारदात में पुलिस ने दो दर्जन से अधिक के खिलाफ चार्जशीट दायर किया है, लेकिन मुख्यारोपी प्रिंस खान और गोपी खान समेत कई के खिलाफ आज भी अनुसंधान जारी है.

## सालों से जारी है जांच और कब तक रहेगी जारी

---

# डहरे टुसू में हजारों की भीड़ उमड़ी



संवाददाता । आदित्यपुर

रविवार को कुड़मी समुदाय की ओर से डहरे टुसू का आयोजन हुआ. गम्हरिया स्थित पूर्व सांसद दिवंगत सुनील महतो की समाधि स्थल से डहरे टुसू शुरू हुआ, जो आम बागान के लिए आगे बढ़ा. इसमें डीजे की धुन पर बच्चे- बूढ़े, युवा पारंपरिक टुसू नृत्य- संगीत पर जमकर नाच- गान करते नजर आए.

जगह- जगह लोग डहरे टुसू में जुटते गए और कारवां बनता चला गया. दस हजार से भी ज्यादा लोग अलग-अलग टुसू गानों पर नाचते गाते आगे बढ़ते गए, हालांकि इसमें भी राजनीतिक दूरियां नजर आई. कोई झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले, तो कोई छोटा नागपुर कुड़मी कला संस्कृति मंच के बैनर तले इसमें शामिल हुए. इसके अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने भी शिरकत की. इसमें मुख्य रूप से भाजपा नेता गणेश महाली, सारथी महतो, कुड़मी सेना के अध्यक्ष लालटू महतो, महादेव महतो, अभिजीत महतो, समाजसेवी विजय महतो आदि मौजूद रहे. भाजपा नेता गणेश महली ने बताया कि डहरे टुसू झारखंडी सभ्यता और संस्कृति की महान विरासत है. कालांतर में पूर्वजों द्वारा मकर की शुरुआत डहरे टुसू के साथ करते थे. समय के साथ इसका चलन विलुप्त हो गया था, मगर धीरे- धीरे अब एक बार फिर से इस परंपरा की शुरुआत हुई है. उन्होंने डहरे टुसू में शामिल सभी नौजवानों एवं बुजुर्गों का इस्तकबाल किया और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी. झांकी में अगला सीएम टाइगर जयराम महतो लिखा चौड़ल रहा आकर्षण का केंद्र रहा.

#### खास बातें

- पारंपरिक गीत-संगीत पर जम कर थिरके लोग
- मिटी राजनीतिक दूरियां, सबने मिल कर मनाया पर्व

#### संत जेवियर्स कॉलेज की छात्रा को रॉड से मारकर किया अधमरा

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज की छात्रा को रॉड से मारकर अधमरा कर दिया. घटना शनिवार की सुबह की हैं. छात्रा को लड़के ने रॉड से मारकर अधमरा कर दिया. वह बेहोश हो गई. आसपास के लोगों के सहयोग से रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में भर्ती कराया गया. इस दौरान लड़का रिम्स भी पहुंचा और वहां भी उस लड़की पर हमला करने का प्रयास किया. लड़के की मां ने सारा दोष लड़की को देते हुए अपने बेटे का बचाव किया. आरोपी लड़के की मां रिम्स में नर्स है. ट्रॉमा सेंटर में गंभीर रूप से घायल दोस्त से मिलने आये उसके सहपाठी दोस्तों के साथ भी आरोपी लड़का और उसकी नर्स मां ने धक्का-मुक्की की और मोबाइल छीनने की कोशिश की. 30 मिनट तक ये खेल चला. फिर बरियातू पुलिस ने लड़के को कब्जे में लेकर पीड़ित लड़की के परिजनों से एफआईआर दर्ज करायी और उसे जेल भेजा. रिम्स में भर्ती लड़की कुछ भी बोल नहीं पा रही है.

## मवेशी लदे दो ट्रक जब्त 10 लोग हुए गिरफ्तार

संवाददाता। गिरिडीह



▪ पशु तस्करी के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई

बिरनी थाना पुलिस ने मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. गुप्त सूचना पर पुलिस ने मवेशी लदे दो ट्रकों को जब्त किया. बताया जाता है कि दोनों ट्रकों से 80 मवेशी जब्त हुए हैं. पुलिस ने मवेशी तस्करी के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार भी किया है.

जिले के एसपी दीपक शर्मा को गुप्त सूचना मिली कि मवेशियों को तस्करी के लिए ट्रक से बिरनी के रास्ते बंगाल ले जाया जा रहा. एसपी ने बिरनी थाना प्रभारी को नाकेबंदी कर ट्रक को पकड़ने का निर्देश दिया. थानेदार मृत्युंजय सिंह ने बिरनी कोवाड़ मार्ग पर नाकेबंदी कर आने जाने वाले वाहनों की जांच शुरू की. इसी दौरान बिरनी सरिया मार्ग पर तेजी से गुजर रहे ट्रकों को रुकने का इशारा किया. ट्रक चालक ट्रक लेकर भागा. लेकिन पुलिस ने दो ट्रकों को खदेड़ कर पकड़ लिया और ट्रकों की जांच की. जांच के दौरान उक्त दोनों ट्रकों में तस्करी के लिए ले जाए जा रहे मवेशी लदे मिले. इसके बाद पुलिस ने वाहन चालकों से मवेशी से संबंधित कागजात की मांग की, मगर वे लोग कोई कागजात नहीं दिखा सके. जिसके बाद पुलिस मवेशी लदे वाहनों को जब्त कर थाना ले आई. वहीं मौके से 10 लोगों को भी गिरफ्तार किया है.

---

### वायरलेस प्रभारी जिला पुलिस व्हाट्सएप ग्रुप में नहीं था शामिल

# पुलिस कंट्रोल रूम का हुआ कायाकल्प

अमित सिन्हा। धनबाद

जिस शहर में अपराधियों और कोयला चोरों का बोल बाला है. वहां की पुलिस की कार्य शैली इसी से समझी जा सकती है कि जिले के पुलिस कंट्रोल रूम को किसी कांड की सूचना ही नहीं मिल पाती थी. वायरलेस प्रभारी का नम्बर तक जिला पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ा ही नहीं था. नए एसएसपी एचपी जनार्दन के आने के बाद सारी व्यवस्था में बदलाव शुरू हो गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार वायरलेस प्रभारी का नम्बर जिला पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया है. पिछले दो साल से धनबाद की जनता गैंग्स के आतंक से दहशत में है, पर अधिकारियों को इसकी परवाह ही नहीं थी. कंट्रोल रूम की स्थिति इसी से समझा जा सकता है कि यहां एक कंप्यूटर तक नहीं था. पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार को कंट्रोल रूम में नया कंप्यूटर और एक प्रिंटर लगाया गया है. एसएसपी ने पूरे जिले के थानों में घटित घटनाओं की एक नजर में जानकारी लेने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं. कंट्रोल रूम के अधिकारी एक एक्सेल शीट पर सभी जिले के थानों में दर्ज मामलों की सूची बना कर एसएसपी को देंगे. जिसका प्रतिदिन एसएसपी द्वारा अवलोकन किया जाएगा.

#### इस लचर व्यवस्था में कैसे पकड़ाते अपराधी

पिछले दो सालों मुख्य सड़क से लेकर भीड़ भाड़ वाले बाजार, सकरी गली एवं मुहल्लों तक मे अपराधियों ने गोली एवं बमबाजी की है. किसी भी मामले में अपराधी को क्राइम स्पॉट या भागने के क्रम में पकड़ा नहीं गया है. इसकी मुख्य वजह यह रही कि अपराध की सूचना जिले के दूसरे थानों तक नहीं जा पाती थी. जिससे उसे रास्ते में दबोचा जाता . अपराधी बड़े आराम से कांड को अंजाम देकर चंपत हो जाते थे. किसी भी कांड की सूचना वायरलेस पर नहीं दी जाती थी क्योंकि वायरलेस प्रभारी खुद जिला व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़े नहीं थे. बीते दिनों बैंक मोड़ जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में व्यवसायी दीपक अग्रवाल को गोली मार कर अपराधी भाग गए थे. इसके बावजूद व्यवस्था में बदलाव नहीं किया गया था.

---

### अजब प्रेम की गजब कहानी | कड़ाके की ठंड में रात भर दरवाजे पर बैठी रही, शादी करने की जिद

# प्रेमी के दरवाजे पर 24 घंटे से धरने पर बैठी प्रेमिका

संवाददाता। तोपचांची

आपने कई बार अनोखी लव स्टोरी सुनी होगी, जिसमें प्रेमी-प्रेमिका साथ रहने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार हो रहते हैं. कभी कोई सात समुद्र पार कर अपने प्यार के लिए आता है तो कभी कोई घर छोड़ कर भाग जाता है ताकि उसे प्यार मिल सके. वहीं, तोपचांची थाना से एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जहां अपने प्यार को पाने के लिए गर्लफ्रेंड अपने ब्वॉयफ्रेंड के घर के बाहर जाकर ही धरना पर बैठ गई.

तोपचांची थाना अंतर्गत रामाकुंडा के आमटांड में एक 20 वर्षीय युवती एक घर के दरवाजे पर धरने पर बैठी हुई है. युवती के धरने के लगभग 24 घंटे बीत चुके हैं. युवती से इस बाबत जब जानकारी ली गयी तो उसने बताया कि तोपचांची थाना क्षेत्र के आमटांड निवासी युवक रोहित कुमार जिससे उसका पिछले जनवरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था.



**प्यार पाने के लिए धरने पर बैठी गर्लफ्रेंड :** इस कड़ाके की ठंड में भी युवती रातभर उसके दरवाजे पर ही बैठी है और रोहित के घरवालों ने अबतक युवती के लिए दरवाजा नहीं खोला है और ना ही उसकी सुध ली है. वहीं युवती ने बताया कि स्थानीय तोपचांची थाना में नवंबर माह में शिकायत की गई थी, तब थाने के द्वारा शादी को लेकर फैसला किया गया, परन्तु लड़का का परिवार शादी से इन्कार कर दिया.

इस कारण वो धरने पर बैठी है. युवती ने बताया कि शादी की झांसा देकर रोहित ने कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया था लेकिन अब शादी करने से इनकार कर रहा है.उसने बताया कि जब तक न्याय नहीं मिल जाता है धरने पर यूं ही बैठी रहूंगी, न्याय का इंतजार करूंगी.

#### लड़के की मां ने कहा- नहीं होगी शादी



धरने पर बैठी युवती ने बताया कि वर्ष 2017 में हमारी जबरन शादी करवा दी गयी थी, परन्तु शादी की कुछ माह के बाद लड़का किसी अन्य लड़की के साथ शादी करके भाग गया. इधर लड़के के मां अंजनी देवी ने बताया कि इससे पूर्व कई बार शादी कर चुकी है प्रत्येक बार शादी करके लड़कों का इस्तेमाल करती है मैं अपने लड़के का भविष्य इस लड़की के साथ खराब नहीं करूंगी. यह शादी नहीं होगी.

▼ ब्रीफ खबरें

### ईसीआरकेयू के बैनर तले आज भूख हड़ताल

**कतरास।** धनबाद के युवा रेल कर्मचारी सोमवार को ईसीआरकेयू के बैनर तले भूख हड़ताल पर बैठेंगे,यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष, सोमेन दत्ता और यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास में संयुक्त रूप से बयान जारी कर यह जानकारी दी है. 1 जनवरी 2024 के बाद नौकरी में आए सभी रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के उपरांत सामाजिक सुरक्षा के लिए नई पेंशन व्यवस्था के स्थान पर पुरानी पेंशन बहाल करने के मांग को लेकर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में सुविधा केंद्र के सामने सोमवार को एकदिवसीय भूख हड़ताल का कार्यक्रम रखा गया है.

### भेदभाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**महुदा।** लिंग आधारित भेद भाव एवं हिंसा को समाप्त करने को लेकर पंचायत सचिवालय तेतुलिया 2 में रविवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में किशोरी मण्डल के सदस्य, सहिया, एवं महिला मण्डल के सदस्यों ने भाग लिया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूजा कुमारी ने कहा कि आज भी समाज में लिंग आधारित भेद भाव किया जाता है, समाज से लिंग आधारित भेद भाव एवं हिंसा को समाप्त करने की आवश्यकता है, आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ समान रूप से कार्य कर रही है.

### कंबल और स्वेटर का वितरण किया गया

**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के शिबलीबाड़ी पूर्व पंचायत की पंचायत समिति सदस्य मीरा देवी की ओर से रविवार को कंबल का वितरण किया गया. कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख संगीता महतो मुख्य रूप से उपस्थित थी. मौके पर प्रखंड प्रमुख संगीता महतो ने बताया कि इस ठिठुरती ठंड से परेशान जरूरतमंद गरीब और असहाय महिला-पुरूषों के बीच 70 कंबलों का वितरण किया गया.मौके पर मुखिया प्रतिनिधि भोला यादव एवं समाजसेवी कार्तिक महतो सहित काफी संख्या में बच्चे और अन्य लोग उपस्थित थे.

### पूर्व बीसीसीएल कर्मी के पुत्र का शव मिला

**सिंदरी।** पूर्व बीसीसीएल कर्मी स्व अनिल सिंह के बड़े पुत्र कृष्णा सिंह (45) का शव रविवार को उनके सिंदरी के बलियापुर थाना क्षेत्र स्थित आरएमफोर 603 - 4 आवास से मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. स्थानीय लोगों की सूचना पर बलियापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कृष्णा अपने माता पिता की मृत्यु के बाद उक्त आवास में अकेले रहते थे. दो दिनों से दिखाई देने के कारण घर के अंदर झांककर देखा गया तो वे विस्तर पर पड़े थे.

### कलियासोल को मिलेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**धनबाद।** कलियासोल के लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा मिलेगी. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड को प्रस्ताव भेजा गया था. प्रस्ताव को विभाग ने मंजूरी प्रदान कर दी है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 11 करोड़ रुपए की राशि भी स्वीकृत की गई है. कलियासोल प्रखंड में सीएचसी का निर्माण झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड रांची द्वारा कराया जाएगा. कलियासोल प्रखंड की आबादी लगभग 1.25 लाख है. प्रखंड में सीएचसी बनने से इस प्रखंड की आबादी को यहीं स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पाएगी.

### चिरकुंडा में वार्षिक श्याम महोत्सव संपन्न

**मैथन।** चिरकुंडा तीन बाणधारी भक्तमंडल द्वारा आयोजित 15 वां दो दिवसीय वार्षिक श्याम महोत्सव रविवार को भजन संध्या के साथ संपन्न हुआ. मेरठ से आए भजन गायक कुमार संजय एवं कोलकत्ता से आए शिल्पी वर्मा ने अपनी श्याम भजनों से श्रद्धालुओं को देर रात तक झुमाते रहे. महोत्सव में श्री श्याम बाबा की भव्य दरबार सजाया गया. खाटू श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया एवं ज्योत जलाई गई, साथ ही श्याम बाबा को छप्पन भोग लगाया गया. भजन संध्या को सफल बनाने में अनिल शर्मा, संजय शर्मा, सचिन अग्रवाल की विशेष भूमिका रही.

**अबुआ आवास योजना:** लाभ मिलने से पहले ही शुरू हो गया विवाद, हो रहा आवेदकों का सत्यापना

# अब तक किसी को लाभ नहीं, मुखिया पर लगने लगे आरोप

**संवाददाता। धनबाद**

अबुआ आवास योजना लक्ष्य पूरा करने से पहले ही विवादों से घिर गई है. जिले में अभी तक किसी भी व्यक्ति को योजना का लाभ नहीं मिला है. फिलहाल आवेदकों का भौतिक सत्यापन का काम चल रहा है. लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के मुखियाओं पर अभी से आरोप भी लगने लगे है कि वे अपने अपने चहेते लोगों को फाइनल सूची में शामिल रहे हैं. आवेदको का कहना है कि जिन्हें आवास की अत्यंत जरूरत है, उन्हे सिर्फ आश्वासन मिल रहा है. इतना ही नहीं कुछ उप मुखिया भी योजना को लेकर आरोप लगाने लगे है कि योजना से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है.




### योजना को लेकर मची है खलबली

बीते नवम्बर-दिसंबर माह में जिले में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सबसे ज्यादा आवेदन अबुआ आवास के लिए आए थे. इस योजना के तहत 76 हजार 900 लोगों को तीन कमरों का आवास देने का लक्ष्य रखा गया था. जबकि जिले में इसके लिए 1 लाख 50 हजार 590 आवेदन आए, जो लक्ष्य से दुगना है. इसी बात को लेकर योजना का लाभ पहले लेने को लेकर खलबली मची हुई है.

### अब लाभुकों की भी सुने

बाघमारा प्रखंड अंतर्गत गोविंदडीह पंचायत के लूसाडीह निवासी शंकर रवानी ने बताया कि पीएम आवास योजना के लिए पूर्व में तीन बार आवेदन दे चुका हूं. लेकिन योजना का लाभ नहीं मिला. 2023 नवम्बर में अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया हूं. प्रशानिक टीम मेरे घर का जायजा लेकर भी गई है. लेकिन अभी तक आवास को लेकर मेरे फोन कोई मैसेज नहीं आया है कि योजना का लाभ मिलेगा या नहीं. स्थानीय मुखिया सरस्वती देवी अभी इस बारे में कुछ नहीं कह रही है. हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है कि खुद से पक्का बना लूं. कच्चे मकान में रहता हूं, बरसात में घर में पानी भी भर जाता है. लेकिन अभी तक मेरी फरियाद किसी ने नहीं सुनी है.

### उप मुखिया ने भी लगाया आरोप

गोविंदपुर प्रखंड के तिलैया पंचायत के उप मुखिया प्रदीप कुमार महतो ने कहा कि अबुआ आवास योजना को लेकर गड़बड़ी हो रही है. मुखिया अपने चहेते लोगों को लाभ पहुंचाने में लगे हुए हैं. हमलोग ऐसे लोगों का पूरे सबूत के साथ पर्दाफाश करेंगे. उग्र आंदोलन भी करेंगे. इस पर नजर रखी जा रही है. योजना का लाभ सबसे पहले वैसे लोगों को मिलना चाहिए, जिन्हें आवास की सबसे ज्यादा जरूरत है.

आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- कंप्यूटर में आईसी चिप्स का निर्माण किससे होता है – **सिलिकान**
- पूर्व का वेनिस किस शहर को कहा जाता है – **कोच्चि**
- खाद्य एवं कृषि संगठन का मुख्यालय कहां है – **रोम**
- भारत में रुपकुंड झील कहां है – **उत्तराखंड**
- लैंबर्ट नियम किससे जुड़ा हुआ है – **प्रदीप्ति**
- अरुणाचल प्रदेश का उच्च न्यायालय कहां है – **गुवाहाटी**
- किस नेता को जननायक के नाम से जाना जाता है – **कर्पूरी ठाकुर**
- रॉकेट की गति पर कौन सा संरक्षण सिद्धांत लागू होता है – **संवेग का संरक्षण**
- संयुक्त राष्ट्र के चार्टर कहां स्वीकार किए गए थे – **सैन फ्रांसिस्को**
- ट्रेफलगार के युद्ध में नेपोलियन किस देश से हारा था – **इंग्लैंड**

**झामुमो कार्याकारिणी सदस्य ढुल्लू का फोटो -वीडियो जारी करेंगे**

# ढुल्लू पर करेंगे मानहानि का मुकदमा: अमितेश सहाय

**संवाददाता। धनबाद**

झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अमितेश सहाय ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो पर मानहानि का मुकदमा करने की बात कही है. सहाय ने ढुल्लू पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि ढुल्लू महतो को उनसे मदद के लिए दरवाजे पर आने के पहले से पता होना चाहिए था कि अमितेश सहाय कौन है. प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अमितेश सहाय ने कहा है कि किसी से सहयोग लेकर उस पर आक्रमण करना ढुल्लू की फितरत है. पूर्व में ढुल्लू ने स्व. समरेश सिंह को दगा दिया एवं बाबूलाल मरांडी, जिसने उसे पहली बार माननीय बनाया उसको रातों रात छोड़ कर भाग गया था. उन्होंने कहा कि किसे नहीं पता कि बेनामी नाम से बरवाअड्डा धनबाद में 50 करोड़ का वाटर पार्क बन रहा है . छद्म नाम से मधुबन कोलियरी में 22 प्रतिशत का साझेदार कौन है. गरीब रैयत की जमीन कंपनी को दखल कर आउटसोर्सिंग के नाम कंपनी से वसूली कर राज्य और केंद्र की राशि को लूटने का प्रयास जारी है. यहां तक कि ढुल्लू ने अपने रिश्तेदार की जमीन लूट कर परिवार की जवान बेटी को रणधीर वर्मा चौक पर धरना पर बैठने को मजबूर कर दिया.



### सांठगांठ कर केस करवाना

अमितेश सहाय ने कहा कि अधिकारी से सांठगांठ कर केस करवाना और पैसा कमाना ढुल्लू की फितरत में शामिल हैं. अगर प्रभु श्री राम की मूर्ति छू कर बोले कि उनके कार्यलय/ अवास मदद के लिए आये या नहीं तो फिर मे सीसीटीवी वाली वीडीओ/ तस्वीर जल्द ही जारी करेंगे . सहाय ने कहा कि बेनामी संपत्ति कैसे कमाई और इस पर उच्च न्यायालय, रांची में वाद लंबित है. अमितेश सहाय ने उनके संबंध में जो अनर्गल बातें कही गई हैं उस संबंध में कहा कि जब ढुल्लू कुछ नहीं थे तबसे सहाय आयकर दाता के रूप देश सेवा में अपना कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं. किसी से चारित्रिक प्रमाण की आवश्यकता नहीं है. अंत में कहा कि यह हास्यास्पद और शर्मनाक भी है. एक सजायाफता मुजरिम जिले को चरित्र प्रमाण पत्र का सर्टिफिकेट बांट रहा है.

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ढुल्लू महतो के भेजा कानूनी नोटिस

**धनबाद।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो द्वारा दैनिक अखबार में बयान आने के बाद धनबाद की राजनीति में भूचाल आ गया है. विधायक ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह और झामुमो केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय पर जो आरोप लगाएहैं, उस पर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने संज्ञान लेते हुए विधायक ढुल्लू को हाईकोर्ट के वकील के माध्यम से कानूनी नोटिस भेजा है.

**तीन दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज :** संतोष सिंह ने कहा कि विधायक ढुल्लू पर रंगदारी, धमकी सहित तीन दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें वे जेल भी गए हैं. उनके ऊपर अगर कोई मुकदमा है, तो विधायक उसे साबित करके दिखाएं .विधायक की करतूतों से पूरे धनबाद की जनता वाकिफ है. जिलाध्यक्ष ने कहा कि ‘मेरे हाथ खून से रंगे ‘हैं अखबार में दिए गए बयान पर विधायक सरेआम माफी मां. उन्होंने मेरे मान सम्मान



पर उंगली उठाई है, जिसके लिए उन्हें कानूनी नोटिस भेजा गया है. अगर वे अपने बयान पर माफी नहीं मांगते हैं, तो उनपर न्यायालय में मानहानि का दावा करूंगा, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे.

### रिटायर होने के बाद भी निःशुल्क पढ़ाने वाले शिक्षक का निधन

**महुदा।** केबीआर उच्च विधालय के सेवानिर्वित व क्षेत्र के जाने माने



शिक्षक सत्यदेव विश्व क र्मा (100 वर्ष) का निधन रविवार हो गया .निधन की खबर पर इलाके में शोक की लहर दौड़ पड़ी .उनके अंतिम दर्शन के लिए दिवंगत के आवास पर लोगों का तांता लगा रहा .उनका तीन बेटे कृष्ण प्रसाद विश्वकर्मा, रामेश्वर विश्वकर्मा, राज किशोर विश्वकर्मा, बेटी सरिता देवी, मीना विश्वकर्मा सहित भरा पूरा परिवार है. मालूम हो कि ज्ञात दिवंगत शिक्षक रिटायर्ड होने के बाद भी वर्षों तक विधालय में निःशुल्क सेवा देते रहे.

## दस जनवरी से डीसी ट्रेन का पुनः परिचालन किया जाएगा

**संवाददाता। कतरास**

दस जनवरी को धनबाद चंद्रपुरा रेल लाइन पर डीसी ट्रेन की पुनः परिचालन को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी कतरास मंडल कार्यालय में बैठक आयोजित की गई.बैठक के दौरान डीसी ट्रेन का पुनः परिचालन पर कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को यादगार बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं ने विचार विमर्श किया.वक्ताओं ने कहा कि डीसी ट्रेन का 10 जनवरी से पुनः परिचालन धनबाद चंद्रपुरा रेल लाइन पर होगा . 134 वर्ष पुरानी डीसी ट्रेन को एक साजिश के तहत बंद किया गया था.

### ढुल्लू वे चंद्रप्रकाश हरी झंडी दिखाएंगे

दस जनवरी को सुबह सात बजे ट्रेन को विधायक ढुल्लू महतो एवं सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के द्वारा हरी झंडी दिखाई जाएगी .जिसको लेकर स्टेशन परिसर में भव्य समारोह करने का निर्णय लिया गया है .साथ ही उक्त कार्यक्रम में कतरास के व्यापारी वर्ग फल विक्रेता, सब्जी विक्रेता, मजदूर, विद्यार्थी सहित सभी वर्गो से उपस्थित होने की अपील की गई. बैठक में मंत्री महेश पासवान मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा ,महामंत्री सूर्य देव मिश्रा ,मंत्री रामकुमार साहू उर्फ छोटू,प्रकाश राम गुप्ता मौजूद थे.

**बीबीएमकेयू : इस वर्ष भी अधूरा रहेगा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सपना**

## 108 शिक्षक हुए सेवानिवृत्त, मिले केवल 50

**संवाददाता। धनबाद**

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के स्थापना काल से अब तक विश्वविद्यालय विभाग और 10 अंगीभूत कॉलेजों से सात वर्षों में 108 प्राध्यापक सेवानिवृत्त हुए हैं. जिसकी वजह से प्रत्येक शिक्षक पर मानक शिक्षक-छात्र अनुपात से 10 गुना अधिक बोझ है. अंगीभूत कॉलेजों में वर्तमान में शिक्षक छात्र अनुपात प्रति 250 छात्रा पर एक शिक्षक का है. जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए यूजीसी के मापदंडों 25 छात्र पर एक शिक्षक का माखौल उड़ रहा है. इसी बीच नयी शिक्षा नीति लागू होने से स्थिति और भी बिगड़ गई है.

### 2024 में और 12 शिक्षक सेवानिवृत हो जाएंगे

वर्ष 2023 के अंतिम रविवार को दो शिक्षक सेवानिवृत्त हुए. सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों में विश्वविद्यालय के डीन साइंस जूलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष आरएसपी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ जेएन सिंह और पीजी फिजिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ के बंदोपाध्याय शामिल हैं. इन दोनों के साथ वर्ष 2023 में कुल 18 प्राध्यापक सेवानिवृत्त हुए. वहीं वर्ष 2024 में 12 शिक्षक सेवानिवृत्त हो जाएंगे. इनमें जनवरी में 2, फरवरी, मार्च, अप्रैल और मई में एक-एक, जुलाई में दो और दिसंबर में तीन शिक्षक सेवानिवृत्त होंगे.

### गेस्ट फैकेल्टी की बहाली प्रक्रिया अटकी

स्थापना काल के बाद बीते सात वर्षों में बैकलॉग नियुक्ति के माध्यम से केवल 50 शिक्षक मिले हैं. वहीं बीते तीन वर्षों में गेस्ट फैकेल्टी की बहाली की प्रक्रिया अटकी हुई है. फुल टाइम शिक्षकों की बहाली भी लंबे समय से नहीं हुई है, जिसका खामियाजा विद्यार्थियों को खराब रिजल्ट के रूप में भुगतान पड़ रहा है.

## निजी क्षेत्रों में भी आरक्षण की जरूरत : पिछड़ा वर्ग संघ

**संवाददाता। मैथन**

डीवीसी पिछड़ा वर्ग संघ की स्थापना के 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर रविवार को मैथन में 31वां स्थापना दिवस समारोह एवं केन्द्रीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ. डीवीसी स्टेशन क्लब में आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अली अनवर अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया. समारोह में निजी क्षेत्र में भी आरक्षण की जरुरत बताई गई. समारोह के खुला सत्र में अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सुशील सिंह, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ ओबीसी इम्प्लॉयज वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अशोक कुमार सरकार, स्त्रीकाल पत्रिका के संपादक संजीव चंदन एवं सबाल्टर्न पत्रिका के संपादक अरुण नारायण ने समारोह को संबोधित किया.

### केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन

संघ का केन्द्रीय सम्मेलन में नई केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया. जिसमें अरविन्द कुमार यादव को एक बार फिर संघ के अध्यक्ष चुना गया तथा सुध्दिष्ट कुमार महासचिव चुने गए. सुधीर कुमार एवं दिनेश यादव-उपाध्यक्ष, नवनीत कुमार-संयुक्त महासचिव, उमेश कुमार शर्मा-संगठन सचिव, अनुराग कुमार एवं नीरज राय- सहायक सचिव और उमेश महतो- कोषाध्यक्ष चुने गए. निवर्तमान महासचिव गिरिजेश्वर प्रसाद को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई. द्वारिका प्रसाद, गुप्तेश्वर ठाकुर, आरपी वर्मा एवं भवन सिंह की अध्यक्ष मंडली की देखरेख में केन्द्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ.

### फोटोग्राफरों ने मैथन में पिकनिक का लुत्फ उठाया

**मैथन।** धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर एसोसिएशन डीडीपीए द्वारा रविवार को मैथन डैम पर न्यू ईयर सेलिब्रेशन सह वनभोज का आयोजन किया गया. जिसमें धनबाद जिले के सभी क्षेत्रों से लगभग 150 फोटोग्राफर शामिल हुए. मैथन डैम के किनारे फोटोग्राफरों ने डीजे संगीत के साथ जमकर पिकनिक का लुत्फ उठाया. मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष बुला चंद्र ने बताया सालों भर फोटोग्राफर दूसरों के खुशी में शामिल होते हैं. उनके खुद की खुशी के लिए यह पिकनिक का आयोजन किया गया है. 2024 का यह पहला आयोजन है, आने वाले समय में फोटोग्राफरों के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करते रहेंगे. नव वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो. सचिव राम कुमार सिंह ने बताया हमारे जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 150 फोटोग्राफर एकजुट होकर के पिकनिक मना रहे हैं, यह हमारे एकता का प्रतीक है.

## चेयरमैन ने मशीन का उद्घाटन किया

**संवाददाता। बरोरा**

बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के शताब्दी परियोजना में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत पहल के अंतर्गत सीड-बॉल मशीन का उद्घाटन रविवार को कोल इंडिया के चेयरमेन पी एम प्रसाद व बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता की उपस्थिति में किया गया.उदघाटन कार्यक्रम के पश्चात चेयरमेन व सीएमडी ने सताब्दी परियोजना के व्यु प्वाइंट से माइंस का निरीक्षण किया.इस दौरान अधिकारियों से कई महत्वपूर्ण बिंदु पर जानकारी ली साथ ही समय से पहले लक्ष्य उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने का निर्देश दिया.

वही निरिक्षण कार्यक्रम के बाद चेयरमेन व सीएमडी चिटाही स्थिति रामराज मंदिर पहुंचे जहां विधायक ढुल्लू महतो सहित यूनियन प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया . तदोपरांत मंदिर में पूजा अर्चना



किया.मौके पर सीएमडी समीरण दत्ता, डीपी मुरली कृष्ण रमैया, डीटी संजय कुमार सिंह, वित्त निर्देशक आर के सहाय, सिक्योरिटी जीएम मायाशंकर, जीएम पियूष किशोर, पीओ काजल सरकार, विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, एटक के बरोरा क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पाण्डेय सचिव संतोष गोराई सहित अन्य उपस्थित थे.

### दस बच्चों का होगा निःशुल्क ऑपरेशन

**महुदा।** स्वाभिमान संस्था के द्वारा ऑपरेशन स्माइल के सहयोग से काण्डरा पंचायत सचिवालय में रविवार को कटे होंठ और तालू का निशुल्क जांच शिविर लगाया गया. शिविर में कुल 10 बच्चों की जांच कर संस्था द्वारा 8 जनवरी 2024 को निशुल्क ऑपरेशन कराने के लिए दुर्गापुर अस्पताल भेजने के लिए चयनित किया गया. लाभुकों को जाने आने, ठहरने, व भोजन सहित ऑपरेशन का खर्च ऑपरेशन स्माइल के द्वारा भुगतान किया जाएगा . संस्था के सचिव सुषमा देवी ने कहा कि स्वाभिमान संस्था की टीम के द्वारा प्रचार प्रसार व प्रयास से वैसे बच्चे जिनके खर्च परिवार वाले नहीं उठा पाने के कारण ऑपरेशन नहीं हो पा रहा था. उन्होंने सभी बच्चे सुरक्षित दुर्गापुर से ऑपरेशन कराकर सुरक्षित वापस आने की कामना करते हुए बताया कि स्वभिमान संस्था के प्रयास से अब तक कुल 60 बच्चों का सफल ऑपरेशन करवाया जा चुका है.

**गोविंदपुर** | 36 वें श्याम सलोना महोत्सव 2024 के अंतिम दिन जुटी भक्तों की भीड़

## श्याम भक्तों ने श्री श्याम मंदिर में निशान अर्पण किया

**संवाददाता। गोविंदपुर**

श्री श्याम कीर्तन मंडल गोविंदपुर के 36 वें श्री श्याम सलोना महोत्सव 2024 के अंतिम दिन रविवार को सैकड़ों श्याम भक्त निशान लेकर पैदल झरिया गए एवं श्री श्याम मंदिर में निशान अर्पण किया. कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह 7:00 बजे श्री अग्रसेन भवन गोविंदपुर से सैकड़ों भक्त हाथ में निशान लेकर पैदल झरिया रवाना हुए. निशान यात्रियों का पहला ठहराव भूईफोड़ में गगन दुदानी के परिसर में हुआ . यहां सभी को अल्पाहार कराया गया. इसके निशान यात्रियों का जाता देवरालिया भवन पहुंचा. यहां समाजसेवी जयप्रकाश देवरालिया, प्रदीप देवरालिया एवं साधना देवरालिया ने



सभी श्याम भक्तों को चाय पानी कराया गया. इसके बाद सरायढेला फर्नीचर महल, फिर पुलिस लाइन में पुरुषोत्तम गोयल एवं श्याम कैटरर, जिला परिषद परिसर में श्याम भक्त मंडल हीरापुर, गया पुल में गुटगुटिया परिवार , गुर्जर क्षत्रीय समाज धर्मशाला में डॉ सुनील अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल एवं चंद्रशेखर अग्रवाल, धनसार में पप्पू गुटगुटिया एवं बस्ताकोला में कांता इलेक्ट्रिकल्स द्वारा सभी का स्वागत किया गया अल्पाहार एवं चाय पानी कराया गया.

### भजनों पर खूब झूमे भक्त

इस दौरान रास्ते भर भजन गायक बुलबुल केजरीवाल, समय मधुर, पंकज सांवरिया एवं पंकज मोदी ने एक से एक भजन प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया. निशान यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी. पैदल निशान यात्रा में श्याम कीर्तन मंडल के संरक्षक जयप्रकाश मित्तल, शंभूनाथ अग्रवाल, सुरेश सरिया, पवन लोधा, सीए अनिल अग्रवाल, किशन अग्रवाल, अनूप सरिया, अध्यक्ष बलराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजीव मित्तल एवं कुणाल केजरीवाल , सचिव हरीश अग्रवाल, सहसचिव मनोज अग्रवाल एवं बजरंग अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विवेक लोधा, शरत दुदानी, शैलेश दुदानी, कृष्ण गोपाल अग्रवाल, चंद्रशेखर गुप्ता, ओमप्रकाश बजाज, सुनील सरिया, नंदलाल अग्रवाल, ललित केजरीवाल, महावीर बजाज, रामबाबू अग्रवाल, अशोक गुप्ता, प्रकाश संघी, राजेश संघी, आशीष अग्रवाल, बिल्लू अग्रवाल, संजीव मित्तल, राकेश गुटगुटिया, सूरज सरिया, आदित्य अग्रवाल, सौरभ बजाज, आलोक लोधा, निखिल सरिया, सोनू अग्रवाल, साहिल सरिया समय दर्जनों लोग शामिल थे.

## महाशिवरात्रि भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया



**संवाददाता। महुदा**

महा शिवरात्री धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को कमलिया शिव मंदिर के प्रांगण में मंदिर समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में कमलिया शिव मंदिर की साफ सफाई, रंग रोगन तथा नगर भ्रमण करने पर चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए समिति के सदस्य बिनोद महतो ने कहा कि महा शिवरात्री पर्व नजदीक है. अभी से ही हमलोगों को तैयारी में जुटना होगा. हमारे क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध कमलिया शिव मंदिर में इस बार धूमधाम से महा शिवरात्री पर्व मनाना है. महा शिवरात्री के दिन यहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण पहुंचते हैं और भगवान शिव की पूजा करते हैं. पूजा में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो इसके लिए बैठक में प्रत्येक गांव में भ्रमण कर शिवरात्रि व्रत का चंदा करने का निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता सतीश महतो ने की.

## ब्रीफ खबरें

### 23 को होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली बाजार स्थित नेताजी सुभाष सेवा संघ के प्रधान कार्यालय मे जितेन्द्र महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई. इस अवसर पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह 23 जनवरी को स्थापना दिवस के अवसर रक्तदान दिवस और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित भव्य रूप से की जाएगी. मौके पर संस्था के संस्थापक आशुतोष कुमार ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सेवा, समर्पण व प्यार की भावना के तहत कार्य करें, क्योंकि यही उद्देश्य मित्र संघ का भी है. मौके पर अशोक कुमार पांडेय, कुमार बलराम सिंह, सुमन कुमारी, राजेश रविदास, सुनील कुमार, नवनीत प्रभात, प्रभात कुमार गुप्ता, नंदा सिंह, प्रभात सिंह, महेश कुमार,लालटू बनर्जी आदि मुख्य रूप से शामिल हुए.

### अनीता को विधायक चुनाव लड़ाने का फैसला

**बेरमो।** बेरमो विधानसभा क्षेत्र के चंद्रपुरा संडे मार्केट के महिलाओं द्वारा दुगधा स्थित दामोदर नदी तट पर वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. महिलाओं द्वारा इसमें विशेष आमंत्रण पर चंद्रपुरा की पूर्व प्रखंड प्रमुख अनीता गुप्ता शामिल हुई. वनभोज का शुभारंभ नववर्ष के अवसर पर केक काटकर किया गया. इस अवसर पर महिलाओं ने अनीता गुप्ता को बेरमो विधानसभा सीट से चुनाव लड़ाने की बात कही. अनीता गुप्ता समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है. सहज रूप से सभी लोगों से मिलती हैं और उनकी बात को सुनकर समस्या का हल करने की कोशिश करती हैं. इसलिए अनिता गुप्ता प्रमुख पद से आगे अब विधानसभा का चुनाव लड़ कर विधायक बने.

### बिजली चोरी मामले में 9 के खिलाफ प्राथमिकी

**बेंगाबाद।** बिजली चोरी को लेकर विद्युत विभाग ने शनिवार को बेंगाबाद प्रखंड के गोलगो पंचायत में छापेमारी अभियान चलाया. छापेमारी दल में विद्युत विभाग के जेई सुंदर राम, संतोष राय, रोहित वर्मा शामिल थे. अभियान के दौरान गोलगो गांव में कई घरों में अवैध रूप से बिजली जलाते हुए पाया गया. जिसके बाद विभागीय जेई सुंदर राम के आवेदन के आधार पर बेंगाबाद थाना में 9 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी के आरोप में केस दर्ज कराया गया. जिन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है उनमें गोलगो निवासी सत्यनारायण यादव, गफूर अंसारी, सुभानी मियां, छोटू राम, सदानंद कुमार, उमेश ठाकुर, मंसूर मियां, हासिम अंसारी, सलीम अंसारी शामिल हैं.

### खेतको में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

**कथारा (बेरमो)।** पेटरवार प्रखंड के खेतको पंचायत में रविवार को अक्षत कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई. शोभा यात्रा में पूरे खेतको पंचायत का भ्रमण कर लोगों को अयोध्या से आए अक्षत देकर निमंत्रण दिया गया. साथ ही राम मंदिर का चित्र और पत्रक बांटा गया और लोगों से अपील की गई कि आगामी 22 जनवरी को सभी अपने-अपने घरों में भगवा झंडा एवं दीप जलाकर प्रभु राम के आगमन पर स्वागत करें. अक्षत कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई. जो दृश्य मनमोहक और आकर्षक थी और पूरे यात्रा के दौरान गगन भेदी जयकारे राम भक्तों के द्वारा लगाए गए. जिससे खेतको पंचायत का माहौल भक्तिमय बना रहा.

# माइनिंग स्टाफ को संडे ड्यूटी देने की मांग

कथारा(बेरमो)



सीसीएल कथारा कोलियरी परियोजना के चेक पोस्ट पर रविवार को इनमोसा के बैनर तले 100 प्रतिशत माइनिंग स्टाफ को संडे ड्यूटी देने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार किया गया. ओवरमैन एवं माइनिंग सरदारों की मांग थी कि संडे के दिन डिपार्टमेंटल एवं आउटसोर्सिंग कार्य चलने पर 100 प्रतिशत एवं आउटसोर्सिंग कार्य चलने पर 80 प्रतिशत माइनिंग स्टाफ को संडे ड्यूटी दी जाए. अन्यथा संडे ड्यूटी का वह बहिष्कार करेंगे. यहां मुख्य रूप से मौजूद इनमोसा के कथारा क्षेत्रीय सचिव हेमंत कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नौशाद खान एवं कथारा कोलियरी शाखा सचिव बालेश्वर महतो ने कहा कि डीजीएमएस व कोल माइंस रेगुलेशन के नियमों के अनुरूप सुरक्षा के साथ कार्य करने के लिए ही उक्त आंदोलन कर रहे हैं. सोमवार से लेकर शनिवार तक 100% सुरक्षा के साथ काम होता है. लेकिन संडे ड्यूटी के दिन 50% रिस्क लेकर कार्य करना व करवाना माइनिंग स्टाफ एवं मजदूरों के लिए घातक है. कहा कि इस दौरान अगर सुरक्षा में कोई छोटी बड़ी चूक हुई तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी?

प्रबंधन हमारी मांगों पर अमल करें, ताकि सुरक्षा के साथ उत्पादन का कार्य हो सकेगा. अगर इस मामले में प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करता है तो आने वाले समय में हमारा संगठन एक रणनीति के तहत बड़े आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा. इस मौके पर अवधेश कुमार सिंह, नफीस अंसारी, अशोक चौहान, दिनेश कुमार, तस्लीम अख्तर, करमचंद उरांव, नागेश्वर रविदास, संजय ठाकुर, रवींद्र टुडू, जय नारायण गोप, राजेश प्रसाद, दुलारचंद नायक, शकील अख्तर, सृष्टिधर महतो, सरवर आलम, रमेश टुडू, राहुल रंजन, विवेक कुमार रंजन, एनके गुप्ता आदि ओवरमैन एवं माइनिंग सरदार मौजूद थे.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- नारियल का वैज्ञानिक नाम क्या है – **कोको न्यूसीफेरा**
- भारत का सिलिकान वैली किसे कहा जाता है – **बेंगलुरु**
- अष्टप्रधान किस प्रशासन का अंग था – **मराठा**
- नाटो का मुख्यालय कहां है – **ब्रुसेल्स**
- किसे विद्रोही कवि कहा जाता है – **काजी नजरुल इस्लाम**
- नादिर शाह आक्रमण के समय मुगल शासक कौन थे – **मुहम्मद शाह**
- पेंडो सांचेज फिर से किस देश के प्रधानमंत्री बनाए गए – **स्पेन**
- कांग्रेस का बंटवारा कब हुआ था – **1907**
- भारत में चोल्हामु झील कहां है – **सिक्किम**
- संयुक्त राष्ट्र के बजट को कौन पेश करता है – **महासचिव**

## सांसद और विधायक ने रेलवे ओवरब्रिज निर्माण का किया शिलान्यास

# विकास कार्य प्राथमिकता के साथ किए जा रहे हैं: सांसद



संवाददाता। बेरमो

गोमिया रेलवे क्रॉसिंग के निकट केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाना है. इसी के तहत रविवार को रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज का भूमि पूजन सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक डॉ. लंबोदर महतो एवं जिप सदस्य डॉ. सुरेंद्र राज ने किया. इस अवसर पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि गोमिया में रेलवे क्रॉसिंग में आए दिन जाम की समस्या लगी रहती थी. लोगों की मांग थी कि गोमिया में फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण होना चाहिए. लोगों की मांग अब पूरी हुई है और अब गोमिया में फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण किया जायेगा. कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं समय से होना चाहिए. इसी प्रकार क्षेत्र में विकास के कार्य भी प्राथमिकता के साथ किए जा रहे हैं और लोगों की उनकी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है.

### फ्लाई ओवर की मांग वर्षों से हो रही थी : डॉ. लंबोदर

विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि गोमिया में रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की मांग वर्षों से हो रही थी. इसके लिए सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं मेरा काफी प्रयास रहा और अब गोमिया में फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण होने का सपना साकार हुआ है. कहा कि इसी प्रकार गोमिया विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास के कार्य किए जा रहे हैं और लोगों को सुविधाएं मिल रही हैं. जिसमें पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि शामिल हैं. इसी प्रकार गोमिया एवं पलिहारी गुरुडीह पंचायत में पानी की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा और इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा. कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को कोनार नदी से पेयजलापूर्ति की जाएगी. इसी प्रकार क्षेत्र के अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा. जिप सदस्य डॉ. सुरेंद्र राज ने कहा कि इस क्षेत्र में वर्षों से लोग फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण करने की मांग कर रहे थे और आज उनकी मांग पूरी हुई है. फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण से अब गोमिया में सड़क जाम समस्या से निजात मिलेगी. मौके पर पलिहारी गुरुडीह मुखिया सपना कुमारी, गोमिया मुखिया बलराम रजक, पूर्व प्रमुख गुलाबचंद हांसदा, आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष महेश महतो, सचिव मो मिनहाज,विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, पेयजल विभाग के विधायक प्रतिनिधि संदीप स्वर्णकार, भाजपा ओबीसी मोर्चा के दुलाल प्रसाद, सोनाराम बेसरा, बसंत जायसवाल, रोहित यादव, राजकुमार प्रसाद, गंदौरी राम, प्रदीप रवानी, प्रभु स्वर्णकार, किशोर नायक, जगदीश महतो, बिनोद यादव, मोहन नायक, सुधीर ठाकुर, सुनील यादव, शिवशंकर पासवान आदि उपस्थित थे.

### कांटाघर और मैनलिफ्ट क्रेन मशीन का उद्घाटन

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के एसडीओसीएम कल्याणी परियोजना के ईएंडएम विभाग के वर्कशॉल में मैनलीफ्ट क्रेन मशीन एवं तारमी परियोजना में नव निर्मित कांटाघर का उद्घाटन रविवार को ढोरी एरिया के महाप्रबंधक एमके अग्रवाल व कल्याणी पीओ शैलेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया. इस दौरान जीएम अग्रवाल ने कहा कि ओभर हेड़ लाइन में कार्य के लिए लगभग 24 लाख की लागत से मैनलीफ्ट क्रेन मशीन सीसीएल द्वारा दिया गया है. इस मशीन से बिजली की सभी प्रकार के लाइन 220, 440, आदि पर बहुत ही सहुलियत और सुरक्षा के साथ 12 मीटर की ऊंचाई तक कार्य किया जा सकता है. पहले विद्युत के ओभर हेड तार में कार्य के दौरान मजदूरों को काफी कठिनाई होती थी.

### जहर एकादश तेनुघाट पहुंची सेमीफाइनल में

**तेनुघाट** । तेनुघाट गोल्डन जुबली मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे क्वार्टरफाइनल के मैच में जहर एकादश तेनुघाट शिविर संख्या 3 की टीम ने मनोज एकादश की टीम को 4 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई. मनोज एकादश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दीपक कुमार के 28 गेंदों पर 42 रनों के बदौलत निर्धारित बारह ओवर में 107 रन बनाए. जवाबी पारी खेलते हुए जहर एकादश की एजाउल के 25 गेंदों पर 48 रन और योगेश नंदन के 8 गेंदों पर 26 रनों के बाद मैच जीत लिया. मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एजाउल को घोषित किया गया. मैच में अंपायर की भूमिका सौरभ सिंह और दीपक यादव ने निभाई. वहीं, कमेंटेटर की भूमिका शिवम कटरियार और अमन सिंह तथा स्कोरर की भूमिका अनुभव झा और आयुष कटरियार ने निभाई.

# अक्षत और जन्मभूमि का पत्रक का किया वितरण



संवाददाता। डुमरी

अयोध्या से आये पूजित अक्षत एवं जन्मभूमि के पत्रक वितरण में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं. रविवार को क्षेत्र की जिप सदस्या सुनीता कुमारी के नेतृत्व में जामताड़ा पंचायत की दर्जनों महिलाओं ने बढ़ई टोला और पुराना जीटी के दोनों ओर निवास करने वाले सनातनियों के बीच अक्षत एवं जन्मभूमि का पत्रक वितरित किया. इसके साथ ही लोगों से 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की. लोगों से उस दिन अपने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन करने के साथ रात्रि में अपने घरों एवं देवालयों में दीपोत्सव मनाने की अपील की. जिप सदस्या ने कहा कि लगभग 500 सालों के बाद ऐसा स्वर्णिम अवसर आया है. इसलिए रामलला के हर्ष में और राममंदिर निर्माण के संघर्ष में, बलिदान हुए देश के विभिन्न प्रांतों के कारसेवकों की याद में हम सभी को दीपोत्सव मनाना है. इस दौरान शनि मंदिर के पुजारी अरविंद शर्मा, जगरनाथ ठाकुर, किरण बरनवाल, रीता बरनवाल, प्रेमा अग्रवाल, सरीता बरनवाल, आशा पांडेय, चांद देवी, गुड्डी देवी, लक्खी देवी, मधुबाला देवी, सावित्री देवी, राधा देवी, दुर्गावती देवी, पुष्पा देवी, उमा देवी, मंजू देवी, बबीता देवी आदि कई महिलाएं उपस्थित थीं. वहीं, इसरी बाजार में भी जिप सदस्या के नेतृत्व में घर-घर पूजित अक्षत और पत्रक वितरित किया गया. इस दौरान अनुराधा सिन्हा, सुषमा बरनवाल आदि उपस्थित थीं.

### पार्श्वनाथ जन्म कल्याण महोत्सव मधुबन में मनाया

**पीरटांड।** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन स्थित बिसपंथी कोठी में रविवार को पौष शुक्ल एकादशी को भगवान श्री 1008 पार्श्वनाथ और भगवान श्री चंद्र प्रभु का जन्म कल्याण महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. पौष शुक्ल एकादशी को यह पर्व हर वर्ष मनाया जाता है. इस अवसर पर भगवान पार्श्वनाथ और भगवान चंद्र प्रभु का विधि-विधान के साथ अभिषेक किया गया तत्पश्चात पूजा-अर्चना की गई. इस अवसर पर भक्तों ने भक्ति भाव से सभी विराजमान साधु-संतों का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया, इसके बाद दोपहर को भगवान पार्श्वनाथ और भगवान चंद्र प्रभु की रथ यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई. रथ यात्रा मधुबन के प्रमुख मार्ग से गुजरी.

**Ph. D. Awarded**



By order of the Vice-Chancellor, Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand (vide letter No. KU/CE/C/118/2024, Date: 05.01.2024) **Sri Ashok Kumar Rawani**, Assistant Professor, Jamshedpur Co-operative College (S/o Sri Basdeo Rawani and Smt. Paro Devi, Vill: Godhar Basti, Kusunda, Dhanbad) is declared to have passed the Doctor of Philosophy (Ph. D) Examination in the subject of Commerce (Faculty of Commerce) held in the month of October, 2023 on the topic **"Recent Trends and Emerging Values in Human Resource Management – A Case Study of Tata Steel Ltd."** under the supervision of Dr. Jayant Bhagat, Associate Professor (Rtd.), Department of Commerce, Jamshedpur Co-operative College, Jamshedpur as per provision of the UGC Regulation, 2009.

# हेमंत सोरेन की सरकार हर एक वर्ग के साथ : बेबी देवी



संवाददाता। डुमरी

स्थानीय विधायक सह सूबे के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी ने रविवार को डुमरी अनुमंडल कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री राहत कोष से गंभीर बीमारी योजना के तहत चार लोगों को अनुदान राशि का चेक दिया. जिन चार लोगों को अनुदान राशि का चेक दिया गया उनमें सुभाष महतो, टेंगरा खुर्द, बासुदेव महतो, बरमसिया धावाटांड, अरशद मुनिर चीनो, जावेद अंसारी, ठाकुर चक शामिल हैं. मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड के हर वर्ग के साथ है और उनकी समस्याओं के समाधान में पूरी गंभीरता से कार्य करती है. मौके पर झामुमो डुमरी प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू मंत्री प्रतिनिधि राजकुमार पांडे, बरकत अली, उपप्रमुख उपेन्द्र महतो, खिरोधर यादव, उमाशंकर महतो, शंकर महतो, विश्वनाथ महतो, बिजय महतो 20 सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो, जगरनाथ ठाकुर आदि उपस्थित थे.

## कसमार में 1992 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों का हुआ मिलन समारोह

# 31 वर्ष पुरानी मौज-मस्ती को किया ताजा

संवाददाता। कसमार



प्रखंड के रामलखन टुंगरी में रविवार को कसमार एसएस हाई स्कूल के 1992 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया. इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रों ने 31 साल बाद हुए मिलन समारोह का लुत्फ उठाते हुए बचपन के दिनों की यादें ताजा कर खूब मस्ती की. इस दौरान छात्रों ने अपने दिवंगत मित्र स्व. मिथिलेश महाराज एवं स्व. मुकेश रजक को याद करते हुए दो मिनट का मौन रहकर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रों ने समाजसेवा और मित्रों के सहयोग के लिए एक संगठन का निर्माण किया, जिसे केबीएसएस 1992 बैच का नामकरण किया गया. इस संगठन के लिए शेखर शरदेंदु को अध्यक्ष, राजकिशोर महली को उपाध्यक्ष, नीलेश महाराज को सचिव एवं हारू रजवार को कोषाध्यक्ष बनाया गया. इसके अलावा दिलीप गंझू, गुलाम सरवर, अखिलेश्वर प्रसाद, सुभाष चंद्र ठाकुर, सुकनाथ मुर्मू, सतीश कुमार एवं अमर कुमार पांडेय को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया. इसके अलावा मो. मुस्ताक, त्रिलोचन मोदी, मंजीत कपरदार, प्रताप पाल, दिनेश नायक, सफीक अंसारी, विकास पांडेय, रमेश कुमार नायक, शीन अख्तर, राजेश कुमार, यमुना महतो, शिवनंदन महतो, नारायण महतो, गंगा कपरदार, गजाधर जायसवाल, भगवान दास, सोमर महतो, दर्प नारायण मुखर्जी, बसंत लाहिरी, मधेश महतो, इस्लामुल हक, ख्वाजा गुलाम, निमाय चन्द्र प्रमाणिक, मो शमीम, परमेश्वर घांसी, ऋषिकेश चौबे, मुबारक हुसैन, ठाकुर नायक, रजाउल अंसारी, परशुराम महतो, ओमप्रकाश महतो, यमुना महतो, मुख्तार अंसारी, फेकन महली, विकास पांडेय, मटुकधारी महतो, दिनेश करमाली, सूर्यप्रकाश कपरदार, योगेंद्र मिश्रा, प्रकाश नायक, रवि ठाकुर, कार्तिक हजाम समेत अन्य सहपाठी मौजूद थे.

**F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल**
**में आपका स्वागत और अभिनंदन।**



आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल ओर रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।



- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES

BOOKING
Call 8527271652-ved

**खैराचर**

## सात दिवसीय प्रहरी मेला को लेकर हुई तैयारी बैठक, 23 वर्षों को बढ़ाएंगे आगे

# 10 से 16 मार्च तक प्रहरी मेला आयोजित करने का निर्णय

संवाददाता। कसमार



प्रखंड के खैराचातर स्थित प्रहरी मेला मैदान में रविवार को प्रहरी मेला कमेटी की एक बैठक शिक्षाविद निशाकर दे की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में खैराचातर के भूतपूर्व सरपंच स्वर्गीय सुरेश कुमार जयसवाल की पुण्यतिथि पर सामाजिक सांस्कृतिक जागरूकता के लिए पिछले 23 वर्षों की तरह इस बार भी 10 से 16 मार्च तक प्रहरी मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया.

बताया गया कि मेला में प्रत्येक रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, खेलकूद से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे. क्रिकेट व फुटबॉल के अलावा इस बार स्कूल व कॉलेज स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता भी आयोजित करने का निर्णय लिया गया. बताया गया कि 10 मार्च को इस मेले के उद्घाटन के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह तथा शाम को आर्केस्ट्रा कार्यक्रम होगा. जबकि, अन्य दिनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा 21 जनवरी की बैठक में तय की जाएगी. उस बैठक में मेला कमेटी का विस्तार और पुनर्गठन भी किया जाएगा. बैठक में पूर्व जिप सदस्य विमल जायसवाल, रामसेवक जायसवाल, सुनील कपरदार, राजेश कुमार राय, कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम महतो, रणदेव मुर्मू, विमल राय, कुलदीप करमाली, मनोज महतो, प्रमोद गोस्वामी,.श्रीकेश जायसवाल, उत्तम ठाकुर, मिथिलेश्वर प्रसाद जायसवाल, विष्णु जायसवाल, शुभम झा, छत्रु महतो, कृष्ण रंजन शर्मा, संगीत जायसवाल, रमेश चंचल, मुस्तकीम अली, नित्यानंद महतो, रथू महतो, रॉयल अली, यूनुस अंसारी, जितेंद्र कुमार, अब्दुल कादिर जिलानी, छुटु कपरदार आदि मौजूद थे. संचालन दीपक सवाल ने किया.

**खास बातें**

- शिक्षाविद निशाकर दे की अध्यक्षता में हुई बैठक
- 21 जनवरी की बैठक में तय होगी कार्यक्रमों की रूपरेखा

### झारखंड मूल निवासी परिसंघ समिति की बैठक

**डुमरी।** झारखंड मूल निवासी परिसंघ समिति डुमरी की बैठक रविवार को जामताड़ा पंचायत सचिवालय में जिला अध्यक्ष भुनेश्वर रविदास की अध्यक्षता में हुई. जिसमे एसी/एसटी एवं अल्पसंख्यक समाज के लोग शामिल हुए. बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वनभोज कार्यक्रम करने पर चर्चा की गई. सभी लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 20 जनवरी को घुटवाली में आयोजित वनभोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ओम सुधा सहित क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा. बैठक में महेश रजक, शिवा दास, राजु कुमार रविदास, मानिकचंद राम, गोविंद कुमार दास, सुरेश रजक, जयलाल मिर्धा, प्रीतम दास आदि उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### आईकत की स्मृति पर 50 कंबलों का वितरण

**चाईबासा ।** रोटरी क्लब चाईबासा के तत्वाधान में रविवार को सोमा पांचो गांव में राजश्री बासु एवं ईशान बासु के सौजन्य से उनके पिता स्व. एम आईकत की स्मृति में 50 कंबलों का वितरण किया गया. इस मौके पर ईशान बसु एवं राजश्री बसु ने कहा कि ग्रामीणों के लिए कुछ पर पाए. यह हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है. क्लब की अध्यक्षा हीना ठक्कर ने कहा कि सेवा का भाव हमेशा रहना चाहिए ताकि जरूरतमंद का लाभ हो सके. इस अवसर पर रो वीणा मुंदड़ा मौजूद थे.

### अवैध उत्खनन के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

**चैनपुर/पलामू ।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के चांदो गांव स्थित हवेली परिसर में महिलाओं ने बैठक की. बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिप सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलू व संचालन किरण देवी ने किया. बैठक में चांदो पंचायत भवन के समीप पत्थर उत्खनन कार्य को बंद करने को लेकर आंदोलन चलाए जाने पर चर्चा की गई. महिलाओं ने कहा कि जहां उत्खनन कार्य चल रहा है वहां पंचायत भवन, स्कूल के अलावा आवासीय मकान है.

### सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है

**पाकुड़ ।** पाकुड़ स्थित सीपीआई (एम) कार्यालय में पाकुड़ और साहेबगंज जिला के पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए एक सोशल मीडिया वर्कशाप का आयोजन किया गया. जिसमें पार्टी के छात्र-युवा और ट्रेड यूनियन मोर्चे पर काम करने वाले लगभग 50 युवा साथियों ने हिस्सा लिया. सीपीआई (एम) के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि आज के युग में अपने विचारों और अभियानों को आम जनता तक ले जाने के लिए सोशल मीडिया का डिजिटल माध्यम एक महत्वपूर्ण टूल है.

### कालचिति पंचायत में सांसद ने बांटे कंबल

**घाटशिला ।** प्रखंड के कालचिति पंचायत सचिवालय मैदान में रविवार को सांसद विद्युत वरण महतो ने जरुरतमन्दों के बीच 1400 कम्बल का वितरण किया. ज़िला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 25 गांव के सैकडों जरूरतमंद उपस्थित थे. दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्र के लोग भी कम्बल लेने के लिए कालचिति मैदान पहुंचे हुए थे. इस मौके पर उपप्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल, मुखिया फागु सोरेन, बैद्यनाथ मुर्मू, उपमुखिया बिशु मौजूद थे.

### क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में सूर्या हॉस्पिटल विजयी

**साहिबगंज ।** रविवार को सिदो-कान्हू स्टेडियम में सूर्या सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाम सूर्या पारा मेडिकल इंस्टिट्यूट के बीच क्रिकेट मैच का आयोजित किया गया. जिसमें सूर्या इंस्टिट्यूट की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का अवसर सूर्या हॉस्पिटल को दिया गया. जिसमें सूर्या हॉस्पिटल टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 9 विकेट पर 248 रन बनाया. जिसमें दीपनारायण सिंह ने बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 62 रन बनाये और 3 विकेट लिये.

### भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ने विधायक को लिखा पत्र

**उंटारी रोड (पलामू) ।** उंटारी रोड भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह ने पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को पत्र लिखकर उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय में कार्यरत मनरेगा सहायक अभियंता योगेन्द्र मंडल को स्थानांतरित करने की मांग की है. विधायक को लिखे गए पत्र में श्रीमती देवी ने कहा कि मनरेगा योजना के सहायक अभियंता द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है साथ ही उनके कारनामों से उंटारी की जनता एवं लाभुक त्रस्त है.

### रामलला के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर महासमिति की बैठक

**गढ़वा ।** प्रभु श्री रामलला के होने वाले प्राणप्रतिष्ठा को लेकर श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सभी अखाड़ों के सदस्यों ने प्रभु श्री रामलला के प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अपने-अपने स्तर से भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम करने तथा शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया. साथ ही समस्त सनातनी राम भक्तों से 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में संध्या में दीप जलाने एवं घर के छत पर महावीरी झंडा लगाने का आग्रह किया.

---

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे महागामा जाने के क्रम में मुख्य कारगिल चौक पर कार्यकर्ताओं से मिले

# जेल से संपादक को धमकी मिल रही है : निशिकांत दुबे

**संवाददाता । गोड्डा**



झारखंड में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो गई है. जेल से संपादक को धमकी मिल रही है और उल्टे केस भी दर्ज हो रहा है. ऐसी सरकार का और विपक्ष का मीडिया को बहिष्कार करना चाहिए. उक्त बातें गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार की संध्या महागामा जाने के क्रम में मुख्य कारगिल चौक पर कही.

यहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए सांसद ने कहा कि झारखंड की स्थिति बहुत खराब है. चौथे स्तंभ कहलाने वाले मीडिया के लोग भी सुरक्षित नहीं हैं. हम नेताओं को तो टारगेट पर लिया ही जा रहा है. संपादक और पत्रकार भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं. लूट के खेल में ऊपर से लेकर नीचे तक सभी आकंठ में डूबे हुए हैं. उन्होंने कहा कि बस तीन से चार महीने की देरी है. तीसरी बार मोदी सरकार को केंद्र में आने दीजिए सारी स्थिति खुद पलट जाएगी. भ्रष्टाचारियों को लूट का हिसाब देना होगा. सबका हिसाब किताब बराबर किया जाएगा. वन नेशन वन इलेक्शन के सवाल पर श्री दुबे ने कहा कि इलेक्शन की यह थ्योरी तो बेहतर है, अगर इस पर सभी एकमत होते हैं तो इससे अच्छा कुछ नहीं है, यह होना चाहिए. मौके पर जिला अध्यक्ष राजीव मेहता, महामंत्री कृष्ण कन्हैया, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, मीडिया प्रभारी बिमंत साह, युवा मोर्चा के प्रियांशु राज, सूरज सिंह, पवन झा, आलोक आनंद, सोशल मीडिया के पप्पू शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे.

**जोरदार स्वागत**

- प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बदतर हो गई है
- सांसद दुबे का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया

---

गैंगस्टर अखिलेश सिंह गैंग के हरीश सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# अजय के नाम से बिहार में छुपा था हिस्ट्रीशीटर हरीश

**संवाददाता । जमशेदपुर**



जमशेदपुर के गैंगस्टर अखिलेश सिंह गैंग का शातिर अपराधी हरीश सिंह उर्फ छोटू सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने उसे बिहार के पटना से सटे राजगीर के एक होटल से गिरफ्तार किया था. वहां वह अपने परिवार संग घूमने गया था. रविवार को एसएसपी किशोर कौशल ने मामले का खुलासा कर दिया है. एसएसपी ने बताया कि हरीश के खिलाफ शहर और आस-पास के कई थानों में लगभग 30 मामले दर्ज हैं. पुलिस को हरीश की कई दिनों से तलाश थी. फरार होने के बाद से वह बिहार और झारखंड में लगातार आपना ठिकाना बदल रहा था. पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हरीश परिवार के साथ राजगीर घूमने जाने वाला है. इसके बाद एक टीम का गठन कर बिहार भेजा गया, जहां हरीश को गिरफ्तार कर लिया गया.

**नाम बदल कर रह रहा था हरीश :** एसएसपी ने बताया कि हरीश सिंह होटल में अजय कुमार के नाम से ठहरा था. जब पुलिस उसके पास पहुंची तो पहले उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए अपना नाम अजय बताया. पुलिस ने जब उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सब कुछ कबूल कर लिया. तलाशी के क्रम में हरीश के पास से कुल चार मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड और दो फर्जी आधार कार्ड मिले हैं. इस मामले में सीतारामडेरा थाना में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है. एसएसपी ने बताया कि एक आधार कार्ड में फोटो हरीश की थी पर नाम अजय कुमार था, वहीं दूसरा आधार कार्ड संजय रविदास के नाम पर था. पुलिस हरीश को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी और उसपर सीसीए लगाने की अनुसंशा करेगी.

**पुलिस ने पैदल सड़कों पर घुमाया :** पुलिस ने हरीश सिंह को जेल भेजने से पहले पैदल ही सड़कों पर घुमाया. हालांकि पुलिस का कहना है कि जिस वाहन में हरीश को लाया जा रहा था, वह वाहन खराब हो गई थी. इस कारण उसे पैदल ही लाया गया. इसके पूर्व कन्हैया सिंह को भी पुलिस ने इसी तरह सड़कों पर घुमाया था.

**जमशेदपुर कोर्ट में वकील बन कर पहुंचा था हरीश :** हरीश सीतारामडेरा गैंगवार मामले के बाद से ही फरार चल रहा था. 11 मार्च 2021 को कोर्ट में सुनवाई के दौरान वह वकील बनकर पहुंचा और अपना बयान दर्ज कराकर वहां से निकल गया. इसकी भनक पुलिस को भी नहीं लगी थी.

**पकड़ाया हरीश**

- परिवार संग राजगीर घूमने गया था हरीश सिंह
- पुलिस ने राजगीर के एक होटल से किया गिरफ्तार

**इन थानों में दर्ज हैं कई मामले**

- साकची थाना काड संख्या 15/11
- आजादनगर थाना कांड संख्या 191/08
- बर्मामाइन्स थाना कांड संख्या 100/08
- गोलमुरी थाना काड संख्या 148/08
- गोलमुरी थाना काड संख्या 101/08.
- साकची थाना कांड संख्या 139/11.
- साकची थाना काड संख्या 224/06
- साकची थाना काड संख्या 04/2010
- सीतारामडेरा थाना काड संख्या 24/08
- सीतारामडेरा थाना काड संख्या 26/2009
- सीतारामडेरा थाना कांड संख्या 47/11
- एमजीएम थाना कांड संख्या 47/11
- मानगो थाना काड संख्या 30/17
- साकची थाना कांड संख्या 164/14
- गोलमुरी थाना कांड संख्या 41/08
- साकची थाना कांड संख्या 71/07
- साकची थाना काड संख्या 05/11
- गोलमुरी थाना काड संख्या 107/16
- साकची थाना कांड संख्या 164/14
- सीतारामडेरा थाना कांड संख्या 199/16
- सोनारी थाना कांड संख्या 235/16
- साकची थाना कांड संख्या 137/16
- गोलमुरी थाना कांड संख्या 322/13
- आदित्यपुर थाना कांड संख्या 123/2010
- आदित्यपुर थाना कांड संख्या 357/10
- सीतारामडेरा थाना कांड संख्या 46/20

### पाटन में जनता की समस्याओं से रूबरू हुईं विधायक पुष्पा देवी

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के कररकला गांव में विधायक पुष्पा देवी आम जनता की जन समस्याओं से रूबरू हुई. उन्होंने कहा कि लोगों की जन समस्याओं का निराकरण करना ही मुख्य उद्देश्य है. कररकला के ग्रामीणों के द्वारा सड़क की मांग की. विधायक ने लोगों की जन समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि आप लोगों की जो मांग है. सड़क का वह सड़क बहुत जल्द बनेगा. इसके लिए पलामू के पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने पथ निर्माण विभाग के अभियंता को आम जनता के सामने ही फोन लगाकर सड़क बनवाने का आदेश दिया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र जिला परिषद उमेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, सुरेंद्र सिंह ,समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### घर-घर बांटे जा रहे हैं पूजित अक्षत और पत्रक

**पाकुड़ ।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि में श्री रामलला की प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत और पत्रक का वितरण राम भक्त हाथ जोड़कर घर-घर जाकर कर रहे हैं. वहीं अयोध्या आने का निमंत्रण दे रहे हैं. गली-गली में श्री राम का नारा गूंज रहा है. राम भक्तों की टोली घर-घर जाकर पूजित अक्षत एवं पत्रक देकर सभी सनातनी हिंदू को अक्षत एवं पत्रक जो अयोध्या से आए हैं का वितरण कर रहे हैं. जो अयोध्या नहीं आ पाएंगे वह अपने घर में दीपावली की तरह घर को सजाने का काम करें, यह आग्रह कर रहे हैं. इसी कड़ी में एक बार फिर शहर में श्री राम के नारे से गुंजायमान देखा गया. नगर क्षेत्र के राजापड़ा, मूरकीमांतलला, बावरीपाड़ा में राम भक्तों की टोली ने घर-घर जाकर पूजित अक्षत और पत्रक का वितरण किया.

---

कई पंचायतों का पूर्व विधायक प्रकाश राम ने किया दौरा

## प्रकाश ने मृतक के परिजनों को दिया मदद का आश्वासन



**संवाददाता । चंदवा, लातेहार**

लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया. भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजनों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना. प्रकाश राम बनहरदी गांव पंहुचे, जहां मुखिया रमेश उरांव के पिता के निधन पर दुख जताते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया. इसके बाद उन्होंने विजय यादव के घर पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की उनकी समस्याओं को जाना. वहीं हाल ही में कैंसर रोग से पीड़ित अनुज उरांव के निधन पर उनके घर जाकर उनके परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उनके पिता जयमंगल उरांव को आश्वस्त किया कि इस दुख की घड़ी में वो उनके साथ खड़े हैं. होलंग निवासी सुरेश साव के घर पंहुच उनकी माता के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में प्रकाश राम शामिल हुए. बता दें कि मुंबई में काम के दौरान विष्णु उरांव की मौत हो गयी थी. पूर्व विधायक ने परिजनों से मिलकर सरकारी प्रक्रिया के तहत मिलने वाली मदद में सहयोग करने का आश्वासन दिया.

नौजवान सभा का ऐलान, नगरकीर्तन में ट्रैक्टर-बुलेट पर रहेगी पाबंदी

## क्रम संख्या प्राप्त जत्थे हो सकेंगे शामिल

**संवाददाता । जमशेदपुर**



सिखों के दसवें गुरु दसमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 357वें जन्म दिहाड़े के मौके पर 17 जनवरी को निकलने वाले नगर कीर्तन में ट्रैक्टर और बुलेट पर पाबन्दी रहेगी. यह अहम फैसला सेंट्रल सिख नौजवान सभा की बैठक में रविवार को लिया गया. बैठक नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह की अध्यक्षता में साकची स्थित सीजीपीसी दफ्तर में बुलाई गई थी. जिसमें केवल क्रम संख्या प्राप्त जत्थों को ही शोभा यात्रा में शामिल होने देने का भी निर्णय लिया गया.

इस विषय पर बैठक में नगर कीर्तन के सफल आयोजन को लेकर तथा ट्रैफिक कंट्रोलिंग को दुरुस्त रखने के लिए सघन विचार-विमर्श हुआ. बैठक से पूर्व अरदास के बाद आगामी 17 जनवरी साहब-ए-कमाल गुरु साहिब गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर गहन चर्चा करते हुए विभिन्न यूनिटों को सेवाएं बांटी गयीं.

**गुरबचन सिंह राजू और तरविंदर सिंह जज नियुक्त :** जिसके तहत नगरकीर्तन में आगे की सेवा टिनप्लेट दस नंबर को, पालकी साहिब के आगे मानगो यूनिट, पालकी साहिब तक दायीं ओर, कीताडीह, संत कुटिया, बारीडीह, पालकी साहिब के बायीं ओर, सोनारी, गोलपहाड़ी, बिस्टुपुर, गौरीशंकर रोड यूनिट वाले सेवा करेंगे. आजाद बस्ती यूनिट नगर कीर्तन के अंतिम छोर पर जबकि झंडियों की सेवा सीतारामडेरा, क्रमबद्ध कराने की जिम्मेदारी तरविंदर सिंह की होगी जबकि बाकि यूनिट पालकी साहिब के पीछे की सेवा करेंगे. नगर कीर्तन के मुख्य कंट्रोलर के रूप में अमरीक सिंह, सुखवंत सिंह, सतविंदर सिंह, मनिंदर सिंह, इंदरजीत सिंह, राजवीर सिंह, रणजीत सिंह, अमनजोत सिंह एवं त्रिलोचन सिंह मुस्तैद रहेंगे. सफाई की सेवा कदमा नौजवान सभा यूनिट के कंधों पर होगी.

---

**समारोह** झारखंड स्पीकर रबिंद्रनाथ महतो पुल निर्माण के भूमि पूजन समारोह में हुए शामिल

# विरोधियों को विकास दिखाई नहीं दे रहा है : स्पीकर

**संवाददाता । जामताड़ा**



नाला विधान सभा क्षेत्र में जनता व किसानों के हित मे विकास का काम किया गया है. सदियों से क्षेत्र के अनेको गांव में बिजली नहीं थी. सड़कें नहीं थी. नदी पर पुल पुलिया नहीं था, जिसे काफी जद्दोजहद के बाद पटरी पर लाया गया. फिर भी विरोधियों को विकास दिखाई नही दे रहा है.

ये बातें नाला विधायक सह झारखंड स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो ने कुंडहित के कटना गांव के सिधेश्वरी नदी पर सात करोड़ की लागत से बनने वाले पुल निर्माण के भूमि पूजन समारोह में कही. कहा कि जब वह पहली बार विधायक बने तो क्षेत्र के तीन सौ गांव में बिजली पहुंचाया. उस समय राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत बिजली का काम चल रहा था. इस बार जब स्पीकर बने क्षेत्र में वही बिजली की समस्या थी. थोड़ी हवा चलने व आसमान में बिजली चमकने से ही नाला की बिजली गुल हो जाती थी. फाल्ट खोजने में कई दिन लग जाते थे.

इसे देखते हुए रांची विधानसभा में बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों को समस्या सुनाया तो उनलोगों ने पावर ग्रिड का निर्माण एवं बिजली सब स्टेशन को बढ़ाने का सुझाव दिया. बिजली विभाग के सुझाव से उन्होंने नाला विधान सभा क्षेत्र में कई बिजली सब स्टेशन का निर्माण कराया तथा कुंडहित के भेलुवा में बिजली ग्रिड का निर्माण कराया. बहुत जल्द ग्रिड चालू होगा और 24 घण्टे लोगों को बिजली मिलेगी. उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए पांच हजार मीट्रिक टन क्षमता का कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया. क्षेत्र में मुश्किल से पांच से दस प्रतिशत लोग नोकरी में है और इतना ही लोग व्यापार में हैं. शेष 80 फीसदी लोग कृषि कार्य से जुड़े हैं. उनकी मेहनत बेकार न जाय इसलिए कोल्ड स्टोर का निर्माण किया. किसान बड़ी मेहनत से पूंजी लगाकर खेती करते हैं.

उनकी उपज का सही मूल्य न मिले तो वह धीरे-धीरे खेती कार्य से विमुख हो जाएंगे. इसलिए कोल्ड स्टोर का निर्माण किया गया. साथ ही विधानसभा क्षेत्र के अजय नदी, शिला नदी, कुरुली नदी, सिधेश्वरी नदी में दर्जनों उच्च स्तरीय पुल का निर्माण हुआ. दर्जनों सड़कें बनीं.

**बोले रबिंद्रनाथ**

- सिधेश्वरी नदी पर 7 करोड़ की लागत से बनेगा पुल
- स्पीकर ने बिजली सब स्टेशन को बढ़ाने का सुझाव दिया था

---

आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- देश में कहां नयी गेको प्रजाति की खोज की गयी – **मिजोरम**
- झारखंड का प्रमुख पर्व कौन है – **सरहुल**
- किसने महाद सत्याग्रह का नेतृत्व था – **डॉ. भीमराव अंबेडकर**
- क्लोरोफ्लोरोकार्बन को किस और नाम से भी जाना जाता है – **फ्रीऑन**
- किसे पहला लाइफटाइम डिस्टर्बिंग द पीस अवार्ड मिला – **सलमान रुश्दी**
- झारखंड में टाटा फुटबॉल अकादमी कहां स्थित है – **जमशेदपुर**
- भारत में तवावोहर झील कहां पर है – **मध्यप्रदेश**
- भारत में मूंगफली का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य – **गुजरात**
- चेचक किसके कारण होता है – वायरस
- किस साल अर्जुन पुरस्कार की शुरुआत हुई थी – 1961

## न्यूज अपडेट

### लोहरदगा में बाजकूम चैंपियन ट्राफी का शुभारंभ



**लातेहार ।** रेलवे स्टेशन क्षेत्र के बाजकूम खेल मैदान में रविवार से बाजकुम चैंपियन ट्रॉफी सीजन एक जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया. उद्घाटन मैच बीएफसी अलगडीह बनाम शशि फिल्टर मनिका के बीच हुआ. बीएफसी अलगडीहा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 10 ओवर में 99 रन बनाया. लक्ष्य का पीछा करते हुए शशि फिल्टर मनिका की टीम 6 ओवरों में 25 रनों में ही सिमट गई. बीएफसी अलगडिहा ने मैच 74 रनो से जीत लिया. इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रदेश संयोजक सह डालटेनगंज छतरपुर विधानसभा प्रभारी विजय बहादुर सिंह, जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज तिवारी व विवेक कुमार सोनी ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया. मौके पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष आशीष कुमार, दीपक सिंह, प्रिंस सिंह, आदर्श कुमार, बॉबी कुमार, राजा सिंह, सनी सिंह आदि लोग मौजूद थे.

### निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ

**जमशेदपुर ।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा श्री भगवान महावीर विकालांग सहायता समिति के सहयोग से साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया है. दो दिवसीय इस शिविर का रविवार को शुभारंभ हुआ. सुरभि शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल एवं सचिव कविता अग्रवाल के सयुक्त नेतृत्व में शिविर का शुभारंभ शाखा की पूर्व अध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. मौके पर कार्यक्रम संयोजिका ऊषा चौधरी एवं खुशबू काउंटिया ने बताया कि इस शिविर में 200 जरूरतमंद लोगों ने अपना पंजीकरण करवाया है. इस शिविर में जरूरत के अनुसार कृत्रिम हाथ, पांव, कैलिपर्स, वैशाखी, सुनने की मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी. इसका आयोजन स्वर्गीय अशोक अग्रवाल की पुण्यतिथि में उनके अनुज कमल अग्रवाल (कमल फार्मास्यूटिकल्स) के द्वारा किया गया हैं. इस कार्यक्रम का समापन समारोह सोमवार 08 जनवरी की शाम 04.30 बजे होगा. सुरभि शाखा की पूर्व अध्यक्षों ने बताया कि इस शिविर का लाभ लेने वाला दिव्यांग बिना किसी सहारे के चल सकते हैं.

### खोरा गांव में फेल हो रही है हर घर नल जल योजना

**गुमला ।** विभागीय उदासीनता और संवेदक की लापरवाही के कारण खोरा गांव में हर घर नल जल योजना फेल हो गया है. यह हाल जिला मुख्यालय से सटे खोरा पंचायत का है. वार्ड सदस्य सह पूर्व उप मुखिया सत्यभामा देवी ने खोरा पंचायत के लोगों को हर घर नल जल योजना का लाभ नहीं मिलने पर चिंता जताया है और योजना के फेल होने के पीछे विभागीय अधिकारी की उदासीनता और संवेदक की मनमानी बताया है. कहा कि विभागीय अधिकारी का नियमित अनुश्रवण नहीं होने के कारण संवेदक मनमानी कर निकल जा रहा है. खोरा पंचायत में पिछले छह माह से नल जल योजना का काम चल रहा है. खोरा खास में अब तक लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है. ठेकेदार आधा अधूरा काम कर छोड़ दिया है. मानक मापदंड के अनुकूल काम नहीं होने की शिकायत पंचायत के प्रतिनिधियों ने विभाग के कनीय अभियंता को भी दिया हैं लेकिन विभागीय अधिकारियों की ओर से योजनाओं को ईमानदारी पूर्वक धरातल पर उतारने में कोई दिलचस्पी नहीं देखा रहे हैं. हर घर नल जल योजना के सरकारी दावे हवा हवाई साबित हो रही है.



### पंससों ने मुखिया संघ के आरोपों को गलत ठहराया

**बाघमारा ।** पंचायत समिति सदस्यों ने मुखिया संघ के आरोपों को गलत ठहराया है. बाघमारा प्रखंड में झारखंड सरकार के द्वारा विभिन्न पंचायतों में अबुआ आवास योजना के आबंटन में चयन समिति के द्वारा लाभुकों के चयन में योग्य एवं अयोग्य के सवाल पर प्रखंड मुखिया संघ एवं पंचायत समिति सदस्य के बीच सवाल खड़ा करने से विवाद उतपन्न हो गया है. मामले को लेकर एक ओर जहां प्रखंड मुखिया संघ ने शुक्रवार के दिन बैठक कर योजना में लाभुकों के चयन में चयन समिति द्वारा अयोग्य लोगों का चयन करने का आरोप लगाया है. पंससों ने कहा कि चयन समिति के द्वारा उचित जरूरतमंद लाभुकों को योजना का लाभ देने के लिए चयनित किया गया है न कि अयोग्य लोगों को इसका लाभ पहुंचाने के लिए.

### जिले में अपराध की घटनाओं में भारी वृद्धि: शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर ।** पलामू पुलिस की कार्यशैली से जिले में अपराध की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है. उक्त बातें रविवार को झारखंड क्रांति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने कही. वे मेदिनीनगर के पटेल नगर सुदना स्थित आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा है कि पलामू पुलिस की अकर्मण्यता व भ्रष्ट कार्यशैली की वजह से जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि के साथ अपराध की दरों में इजाफा हो रहा है,जो निंदनीय है. उन्होंने कहा है कि मेदिनीनगर में पुलिस को चोरों,उच्चकों व अपराधियों को पकड़ने की उतनी चिंता नहीं है,जितनी चिंता राजा मेदिनीराय व शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की प्रतिमा स्थापित कराने हेतु संविधान बचाओ मोर्चा पलामू के आन्दोलनकारी नेताओं पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की है.

### धुमकुड़िया व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने में समाज करे सहयोग

**गुमला ।** गुमला के खखरी पहान आदिवासी उच्च विद्यालय कोटाम में रविवार को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद पड़हा केन्द्र कोटाम, सरना प्रार्थना सभा रांची और राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद गुमला की संयुक्त तत्वावधान में धुमकुड़िया 2024 का आयोजन किया गया. स्वागत भाषण करते हुए ब्रज किशोर उरांव ने धुमकुड़िया के अवधारणा, कार्य एवं विशेषता की चर्चा की और आदिवासी परंपरा में धुमकुड़िया व्यवस्था को बरकरार रखने में सामूहिक सहयोग करने पर बल दिया. अजय लकड़ा और प्रो.वंदे उरांव ने आदिवासी समाज की विशेषता पर अपने विचार व्यक्त किए. संतोष प्रधान ने आदिवासी युवाओं को कैरियर निर्माण की सलाह दी. डोरंडा कालेज के प्रो. नारायण भगत ने आदिवासी और उनकी भाषा कुड़ुख के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि भाषा ही हमारी पहचान है. सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष संजय कुजूर ने सरना धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला. रामचन्द्र उरांव ने आदिवासियों की रूढ़िवादी परंपरा, संवैधानिक अधिकार आदि की बच्चों को जानकारी दी.

